इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

"यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति"।।

दावा

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

वर्ष- 45 अंक - 270 राजनांदगांव, मंगलवार 18 अगस्त 2026 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

नितिन नवीन की नई टीम का ऐलानः वसुंधरा राजे, स्मृति ईरानी सहित कई चेहरों को मिली बड़ी जिम्मेदारी

नई दिल्ली। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन सोमवार को अपनी नई टीम का ऐलान किया गया है। इस टीम में पार्टी को मजबूती प्रदान करने के मकसद से कई अहम चेहरों को जगह दी गई है। पार्टी की ओर से इस संबंध में अधिसूचना भी जारी कर दी गई। पार्टी की ओर से राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी पीयूष गोयल, राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी राजेश मंगल को दी गई है। वहीं, राष्ट्रीय महामंत्री की जिम्मेदारी बी.एल संतोष को दी गई है। उधर, सहायक मंत्री पद की जिम्मेदारी शिप्रकाश और सौदान सिंह को दी गई है। वरिष्ठ नेता स्मृति ईरानी को राष्ट्रीय महासचिव और वसुंधरा राजे को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। इसके अलावा तीरथ सिंह रावत, राम माधव, बैजयंत पांडा, डी पुरंदेश्वरी, रेखा वर्मा, वर्षाबेन नरेंद्र भाई दोशी, भारती प्रवीण पवार, मनप्रीत सिंह बादल, लाला सिंह आर्य, एम नागराज, तारिक मंसूर, मधुचंद्र कर को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है। उपाध्यक्ष पद के लिए पार्टी की ओर से 13 नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है।

वहीं, पार्टी की ओर से महामंत्री पद के लिए आठ नेताओं के नाम पर मुहर लगाई गई। इसमें प्रमुख रूप से विनोद

तावड़े, सुनील बंसल, बिप्लव कुमार देव, स्मृति ईरानी, सतीश पुनिया, गजेंद्र पटेल, हरीश द्विवेदी और संजय भाटिया का नाम शामिल है।

साथ ही, राष्ट्रीय मंत्री पद पर प्रमुख रूप से कविता पाटीदार, के सुरेंद्रन, भोला सिंह, प्रदीप यादव , जगदीश ईश्वर भाई पटेल, संदीप पाठक, फांग्नोन कोन्यक, संगीता यादव, अनिल एंटनी, एम वेंकटेशन, मनोज टिग्गा, सिद्धार्थ शंभु, स्वदेश सिंह, मृगांका देव बर्मन, रोहन गुप्ता और जय प्रकाश का नाम शामिल है।

वहीं, नितिन नवीन ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, ''भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय टीम के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। अनुभव और ऊर्जा से समृद्ध यह टीम प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में संगठन को नई गति प्रदान करेगी। मुझे पूर्ण विश्वास है कि टीम के सभी सदस्य कार्यकर्ता भाव से संगठन को और अधिक सशक्त बनाते हुए 'विकसित भारत' के संकल्प और राष्ट्रसेवा के ध्येय को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।''

नितिन नवीन की टीम में 12 महिलाएं

बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन की नई राष्ट्रीय टीम में 12 महिलाओं को जिम्मेदारी दी गई है। इनमें वसुंधरा राजे, डी. पुरंदेश्वरी, रेखा वर्मा, वर्षाबेन दोशी, डॉ. भारती पवार और डॉ. मधुचंद्र कर को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं स्मृति ईरानी को महासचिव बनाया गया है। कविता पाटीदार, फांग्नोन कोन्यक और संगीता यादव को मंत्री बनाया गया है। इसके अलावा रूप कुमारी चौधरी को महिला मोर्चा अध्यक्ष और प्रीति गांधी को सोशल (शेष पृष्ठ 6 पर...)

बीजेपी की राष्ट्रीय टीम का एलानः छत्तीसगढ़ की रूप कुमारी बनी महिला मोर्चा अध्यक्ष, दीपक म्हस्के को भी जिम्मेदारी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने पार्टी की नई राष्ट्रीय टीम की घोषणा कर दी है। नई टीम में वरिष्ठ नेताओं के साथ महिला, युवा और संगठन से जुड़े चेहरों को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी गई हैं। नई टीम में छत्तीसगढ़ से रूपकुमारी चौधरी और दीपक मस्के को महत्वपूर्ण संगठनात्मक जिम्मेदारी मिलने की जानकारी सामने आई है। रूपकुमारी चौधरी को राष्ट्रीय महिला मोर्चा अध्यक्ष और दीपक मस्के को राष्ट्रीय सोशल मीडिया संयोजक बनाया गया है। महासमुंद की लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी इससे पहले छत्तीसगढ़ विधानसभा में बसना का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। भाजपा संगठन में भी वह लंबे समय से सक्रिय रही हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने महासमुंद लोकसभा सीट से जीत हासिल की थी। वहीं दीपक मस्के भाजपा के आईटी और डिजिटल संगठन से लंबे समय से जुड़े रहे हैं। छत्तीसगढ़ भाजपा के आईटी संगठन में उनकी भूमिका के अलावा बिहार भाजपा में भी उन्हें आईटी से जुड़ी जिम्मेदारी दिए जाने की रिपोर्ट सामने आ चुकी है। नई राष्ट्रीय टीम में उन्हें सोशल मीडिया संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। नई टीम में राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को राष्ट्रीय महामंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। राष्ट्रीय महामंत्रियों में विनोद तावड़े, सुनील बंसल, बिप्लब कुमार देब, डॉ. सतीश पूनिया, गजेंद्र पटेल, हरीश द्विवेदी और संजय भाटिया भी शामिल हैं। भाजपा की नई राष्ट्रीय टीम में महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, किसान मोर्चा, ओबीसी मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा और अल्पसंख्यक मोर्चा के साथ सोशल मीडिया संगठन को भी अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई हैं। छत्तीसगढ़ के लिहाज से रूपकुमारी चौधरी और दीपक मस्के की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है। रूपकुमारी चौधरी को राष्ट्रीय महिला मोर्चे की कमान मिली है, जबकि दीपक मस्के को पार्टी के राष्ट्रीय सोशल मीडिया संगठन की जिम्मेदारी दी गई है।

JPSC-JSSC आंदोलनः झारखंड सरकार का बड़ा फैसला, TDPL की सभी परीक्षाएं और परिणाम रद्द

रांची। झारखंड में JPSC-JSSC परीक्षाओं में कथित गड़बड़ी के खिलाफ छात्रों का आंदोलन सोमवार को 24वें दिन भी जारी रहा। इस बीच छात्रों और सरकार के बीच प्रस्तावित वार्ता होते-होते नहीं हो सकी। हालांकि इस बीच सीएम हेमंत सोरेन ने बड़ा एलान कर दिया है। सीएम सोरेन ने टीडीपीएल द्वारा आयोजित सभी परीक्षाएं, टीडीपीएल द्वारा जारी किए गए परिणाम तथा टीडीपीएल के माध्यम से किसी भी उम्मीदवार का चयन या भागीदारी रद्द करने की बात कही है।

सीएम हेमंत सोरेन ने किया ऐलान

सीएम सोरेन ने क्या कहा?

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज हमने इस मामले को अंतिम रूप देने के लिए विशेष कैबिनेट बैठक की। सभी पहलुओं पर विचार करने और समस्याओं का समाधान तलाशने के बाद हमने फैसला लिया है कि टीडीपीएल द्वारा आयोजित सभी परीक्षाएं, टीडीपीएल द्वारा जारी किए गए परिणाम तथा टीडीपीएल के माध्यम से किसी भी उम्मीदवार का चयन या भागीदारी रद्द की जाती है। इस संबंध में टीडीपीएल द्वारा की गई सभी गतिविधियां भी रद्द कर दी गई हैं।

राहुल की चिट्ठी से बढ़ा राजनीतिक दबाव

जेपीएससी विवाद के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लिखे पत्र से भी मामला राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हो गया था। राहुल गांधी ने छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से लेने और उनके समाधान की दिशा में पहल करने की बात कही थी।

यूजीसी-नेट परीक्षा में गड़बड़ियांः एनटीए में 50 कर्मचारी हटाए गए, छात्रों का फूटा गुस्सा

नई दिल्ली। यूजीसी-नेट परीक्षा में भारी गड़बड़ियों और त्रुटियों के उजागर होने के बाद, एनटीए (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 50 से अधिक कर्मचारियों और अधिकारियों को हटा दिया है। प्रश्नपत्रों में तथ्यात्मक, अनुवाद और टाइपिंग संबंधी गलतियों तथा पुराने सवाल दोहराए जाने के कारण छात्रों में भारी आक्रोश है, जिसके चलते दिल्ली में जोरदार प्रदर्शन भी हुए।

एनटीए ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर बताया, तीन विषयों, अंग्रेजी, कॉमर्स और समाजशास्त्र, के संबंध में एनटीए को इनके प्रश्नपत्रों में कई त्रुटियों को लेकर शिकायतें मिली थीं. इसके बाद इन त्रुटियों की जांच और समीक्षा के लिए एक समिति का गठन किया. एनटीए ने बताया कि समिति ने पाया कि इन तीनों प्रश्नपत्रों में कई तथ्यात्मक, टाइपिंग और अनुवाद संबंधी गड़बड़ियाँ थीं.

इनमें प्रमुख विद्वानों के नामों की ग़लत वर्तनी, पुस्तकों के शीर्षकों में गड़बड़ी, प्रश्नों की भाषा में त्रुटियां, व्याकरण संबंधी ग़लतियां, लिंग और वचन के बीच सामंजस्य की गलतियां, विराम चिह्नों की गलतियां और पहले से स्थापित अवधारणाओं के लिए गैर-मानक गढ़े गए शब्द शामिल थे. एनटीए के मुताबिक़, इसके अलावा, पहले पूछे जा चुके प्रश्नों को बड़ी संख्या में दोहराया गया था. समिति ने सिफ़ारिश की कि निष्पक्ष और दोष-मुक्त परीक्षा आयोजित करने के हित में इन तीनों प्रश्नपत्रों की दोबारा परीक्षा आयोजित की जानी चाहिए. इसलिए अब अंग्रेजी, कॉमर्स और समाजशास्त्र के तीनों प्रश्नपत्रों की दोबारा परीक्षा आयोजित की जाएगी. यह परीक्षा निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जाएगी- अंग्रेज़ी और कॉमर्स की दोबारा परीक्षा 9 सितंबर 2026 को जबकि समाजशास्त्र की परीक्षा 10 सितंबर को होगी. एनटीए ने बताया है कि शहर, परीक्षा केंद्र और एडमिट कार्ड से (शेष पृष्ठ 6 पर...)

जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े आतंकी को यूपी एटीएस ने दबोचा, मदरसे की आड़ में चंदा जुटाकर भेजता था पाकिस्तान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश एटीएस ने पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से कथित तौर पर जुड़े 24 वर्षीय युवक मोहम्मद जफ़र उर्फ मोहम्मद जहीर को गिरफ्तार किया है। एटीएस के अनुसार, आरोपी मदरसे की आड़ में चंदा जुटाकर पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन को भेजने, सोशल मीडिया पर जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख मसूद अजहर की भड़काऊ और जिहादी तकरीरों को साझा करने तथा लोगों को हिंसक जिहाद के लिए प्रेरित करने में संलिप्त था। एटीएस के मुताबिक, आरोपी मूल रूप से बिहार के पूर्णिया जिले का रहने वाला है और पूर्व में मेरठ में एक मदरसे में पढ़ाई कर चुका है। सोशल मीडिया गतिविधियों के विश्लेषण में उसके द्वारा मसूद अजहर की कथित भड़काऊ और जिहादी तकरीरों को साझा किए जाने की जानकारी सामने आई। जांच एजेंसी के अनुसार, पूछताछ में जफ़र ने बताया कि पढ़ाई के दौरान उसने जैश-ए-मोहम्मद के बारे में पढ़ा और जिहाद तथा मुजाहिदों की शहादत से जुड़ी सामग्री से प्रभावित हुआ। इसके बाद वह मसूद अजहर के प्रभाव में आकर मुजाहिद बनने (शेष पृष्ठ 6 पर...)



सरकार के आर्थिक सलाहकार बोले- ई-20 से गाड़ियों को नुकसानः ई-10 पेट्रोल फिर शुरू हो; फ्यूल में 30 प्रतिशत एथेनॉल मिलाया तो खाद्य संकट संभव

नई दिल्ली। सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन (CEA) का कहना है कि ई-20 पेट्रोल से गाड़ियों में नुकसान हो रहा है। पुराने टू-व्हीलर्स के लिए ई-10 पेट्रोल की बिक्री फिर से शुरू की जानी चाहिए। नागेश्वरन ने द इंडियन एक्सप्रेस में लिखे अपने आर्टिकल में कहा कि भारत ने पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने का लक्ष्य समय से पहले हासिल करके अरबों रुपए तो बचा लिए, लेकिन अब नया संकट खड़ा हो रहा है। सरकार का दावा है कि पेट्रोल में एथनॉल मिलाने से कच्चे तेल के इम्पोर्ट में कमी आई है। इससे अरबों रुपए की बचत हुई है।

एथेनॉल की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए गन्ना, मक्का और चावल जैसी खाद्य फसलों को बड़े पैमाने पर एथेनॉल फैक्ट्रियों में भेजा जा रहा है। अगर एथेनॉल बनाने वाली कंपनियां ज्यादा दाम देकर मक्का खरीदने लगेंगी, तो पोल्ट्री और डेयरी इंडस्ट्री के लिए चारा महंगा हो जाएगा। नतीजा यह होगा कि अंडे, चिकन और दूध के दाम बढ़ेंगे, जिससे सीधे तौर पर खाद्य महंगाई को बढ़ावा मिलेगा।

वी अनंत नागेश्वरन के मुताबिक देश में इस समय करीब 8 करोड़ पुराने बाइक-स्कूटर दौड़ रहे हैं। ये पुरानी कार्बोरेटर तकनीक पर चलते हैं, जो BS-IV इंजन नियमों के आने से पहले बनती थीं।

एथेनॉल से चीनी और पानी का संकट

पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने का असर अब रसोई के बजट और पानी पर भी दिखने लगा है। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस सीजन में देश के कुल सालाना उत्पादन की करीब 10 प्रतिशत (लगभग 30 लाख टन) चीनी को एथेनॉल बनाने में इस्तेमाल कर लिया गया। इसी वजह से अब सरकार आने वाले सीजन में एथेनॉल के लिए गन्ने के इस्तेमाल पर रोक लगाने की सोच रही है, ताकि देश में चीनी की कमी न हो और इसके दाम बेकाबू न हों। इसके साथ ही, एथेनॉल बनाने के चक्कर में देश का जलस्तर भी तेजी से गिर रहा है। गन्ना एक ऐसी फसल है जिसे उगाने में बहुत भारी मात्रा में पानी लगता है। मुख्य आर्थिक सलाहकार का कहना है कि हमें सिर्फ एथेनॉल फैक्ट्रियों में लगने वाले पानी को ही नहीं देखना चाहिए, बल्कि उस गन्ने को उगाने में जो अरबों लीटर भूजल खर्च हो रहा है, उसका हिसाब लगाना भी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

हाँ, हूँ मैं दिमागी नक्सलीः चिदंबरम के बाद अरविंद केजरीवाल ने भी खुद को बताया दिमागी नक्सली

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (एएपी) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि जो व्यक्ति भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) और केंद्र सरकार से सवाल करता है और पूरे भारत में बेहतर सुविधाओं की मांग करता है, वह दिमागी नक्सल है। उन्होंने 15 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणी पर तंज कसते हुए यह बात कही। माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स (पहले ट्विटर) पर एक छोटे से वीडियो में, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर भगत सिंह और भीमराव रामजी अंबेडकर आज जीवित होते, तो प्रधानमंत्री उन्हें भी दिमागी नक्सल कहते। उन्होंने खुद को भी दिमागी नक्सल बताया और कहा कि उन्हें इस बात पर गर्व है क्योंकि वह एक सच्चे देशभक्त हैं।

केजरीवाल ने कहा, प्रधानमंत्री के अनुसार, दिमागी नक्सल वह व्यक्ति है जो सवाल उठाता है और शिक्षा प्रणाली में बदलाव लाना चाहता है। उनके अनुसार, जो लोग अस्पताल और सड़कों जैसी अच्छी सुविधाएं चाहते हैं, वे दिमागी नक्सल हैं। जो लोग उनसे और बीजेपी से नहीं डरते और विकसित भारत चाहते हैं, वे दिमागी नक्सल हैं। शनिवार को लाल किले की प्राचीर से 80वें स्वतंत्रता दिवस पर बोलते हुए, पीएम मोदी ने दिमागी नक्सलियों की पहचान करने और उन्हें अलग-थलग करने का आह्वान किया; उन्होंने इस शब्द के बारे में ज़्यादा विस्तार से नहीं बताया। उनकी इस टिप्पणी से विवाद खड़ा हो गया; कांग्रेस ने उन पर और बीजेपी पर तंज कसते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के अनुसार, केंद्र का विरोध करने वाला कोई भी व्यक्ति दिमागी नक्सल है। जब बीजेपी और कांग्रेस के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी था, तब पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री पी. चिदंबरम ने कहा कि वह एक गर्वित दिमागी नक्सल हैं। उनकी टिप्पणी की आलोचना बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने की, जिन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के 2006 के उस बयान का ज़िक्र किया जिसमें उन्होंने नक्सलवाद को भारत के लिए सबसे बड़ी आंतरिक सुरक्षा चुनौती बताया था।

पहले बीहड़ में चलाती थीं गोलियां, अब रैंप पर बिखेरा जलवा

नई दिल्ली। रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में नेशनल हैंडलूम डे के मौके पर आयोजित एक फैशन शो अपनी अलग वजह से चर्चा में है. इस रैंप पर पेशेवर मॉडल्स नहीं, बल्कि बस्तर की वे महिलाएं उतरीं, जो कभी नक्सली संगठन का हिस्सा रहकर जंगलों में हथियार थामती थीं. आत्मसमर्पण के बाद अब ये महिलाएं मुख्यधारा में लौट चुकी हैं. कोसा सिल्क और हाथ से बुने पारंपरिक कपड़ों में उन्होंने पूरे आत्मविश्वास के साथ रैंप वॉक किया. दर्शकों ने तालियों के साथ उनका हौसला बढ़ाया.

इस मौके पर शेयर किए गए वीडियो में महिलाएं पारंपरिक हथकरघा कपड़ों में रैंप पर चलती नजर आईं. उनकी यह झलक सिर्फ एक फैशन शो नहीं, बल्कि बदलाव, हिम्मत और नई शुरुआत की कहानी भी दिखाती है. रायपुर में हुए इस कार्यक्रम में महिलाओं ने कोसा सिल्क और हाथ से बुने कपड़ों को रैंप पर पेश किया. कार्यक्रम का मकसद सिर्फ फैशन को बढ़ावा देना नहीं था. इसके जरिए आत्मसमर्पण कर चुकी महिलाओं को नई जिंदगी, रोजगार और समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की कोशिश भी की जा रही है. सरकारी हैंडल MyGovIndia ने इस वीडियो को शेयर करते हुए लिखा कि रैंप पर आज एक अलग ही चमक नजर आई. बस्तर की पूर्व महिला नक्सलियों ने नेशनल हैंडलूम डे के कार्यक्रम में रैंप वॉक किया. उन्होंने आत्मविश्वास के साथ हथकरघा कपड़ों की खूबसूरती भी पेश की. उनका यह सफर बदलाव, नई शुरुआत और मुख्यधारा में लौटकर आगे बढ़ने की कहानी है. सोशल मीडिया पर आयुषी नाम की यूजर ने लिखा कि नक्सलवाद या उसकी हिंसा को ग्लैमराइज करना सही नहीं ठहराया जा सकता. असली बदलाव हिंसा का रास्ता छोड़कर शांति, आजादी और अपनी पसंद की जिंदगी चुनने में है. उन्होंने कहा कि हथियारों से रैंप तक का यह सफर बदलाव की मिसाल है. इन महिलाओं ने सिर्फ अपनी जिंदगी का एक अध्याय खत्म नहीं किया, बल्कि अपनी जिंदगी को फिर से (शेष पृष्ठ 6 पर...)

सावन सोमवार पर अशोकधाम मंदिर में भगदड़, 7 श्रद्धालुओं की मौत; 12 से ज्यादा घायल

नई दिल्ली। बिहार के लखीसराय स्थित प्रसिद्ध अशोकधाम मंदिर में सावन के तीसरे सोमवार पर बड़ा हादसा हो गया। भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए सुबह बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे थे। इसी दौरान अचानक भीड़ बढ़ने से अफरातफरी मच गई और भगदड़ की स्थिति बन गई। हादसे में अब तक 7 श्रद्धालुओं की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि 12 से अधिक लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आई है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है।

कैसे हुआ हादसा?

प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, सावन के तीसरे सोमवार और नाग पंचमी के कारण अशोकधाम मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी थी। इसी दौरान मंदिर की ओर जाने वाले रास्ते पर अचानक भीड़ का दबाव बढ़ गया। रिपोर्टों के अनुसार, बैरिकेडिंग टूटने के बाद कई श्रद्धालु गिर पड़े और देखते ही देखते भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। कुछ रिपोर्टों में बिजली का पोल गिरने और उसके बाद करंट फैलने की अफवाह से श्रद्धालुओं में घबराहट फैलने की बात कही गई है। हालांकि, हादसे की पूरी वजह को लेकर प्रशासन की जांच जारी है और अलग-अलग शुरुआती रिपोर्टों में परिस्थितियों का विवरण अलग है।

मौके पर पहुंची पुलिस और प्रशासन

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं। राहत-बचाव कार्य शुरू किया गया और घायलों को लखीसराय सदर अस्पताल भेजा गया। कुछ घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। लखीसराय (शेष पृष्ठ 6 पर...)

उज्जैन के नागचंद्रेश्वर मंदिर में करंट की अफवाह के बाद भगदड़ जैसे स्थिति, कई श्रद्धालु घायल

उज्जैन। उज्जैन के विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर परिसर में आज नागचंद्रेश्वर मंदिर के पास अचानक भगदड़ जैसे हालात बन गए। परिसर में करंट फैलने की अफवाह के बाद श्रद्धालुओं में डर का माहौल बन गया। इसके बाद भारी भीड़ में लोग इधर-उधर भागने लगे और एक-दूसरे को धक्का देने लगे। घटना के वीडियो भी सामने आए हैं। इनमें महाकाल परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दिखाई दे रही है। परिसर पूरी तरह भरा हुआ था और बड़ी संख्या में लोग दर्शन के लिए कतार में खड़े थे। अफवाह के बाद भगदड़ जैसे हालात बने और कई श्रद्धालु भीड़ के दबाव में गिर गए। दबाव बढ़ने से कई श्रद्धालुओं की तबीयत बिगड़ गई। 13 श्रद्धालुओं को परिजन और सुरक्षाकर्मी अस्पताल लेकर पहुंचे। सभी का उज्जैन जिला अस्पताल में इलाज जारी है और डॉक्टर उनकी निगरानी कर रहे हैं।

अफसरों ने संभाला मोर्चा

मौके पर मौजूद पुलिस और प्रशासनिक अमले ने स्थिति को संभाल लिया। मंदिर में इन दिनों बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। ऐसे में अफवाह फैलने से कुछ देर के लिए हालात बिगड़ गए। पुलिस के मुताबिक अब स्थिति पूरी तरह नियंत्रित हैं।

उज्जैन एसपी बोले- 40 हजार लोग कतार में

उज्जैन एसपी प्रदीप शर्मा ने कहा, आज तीन बड़े आयोजन एक साथ हो रहे हैं। भगवान नागचंद्रेश्वर के दर्शन शुरू हो चुके हैं। साल में एक बार 24 घंटे के लिए खुलने वाले इस मंदिर के दर्शन के लिए बैरिकेडिंग पर करीब 40 हजार लोग कतार में हैं। श्रद्धालु मीनू ने बताया कि मेरा बेटा नागचंद्रेश्वर मंदिर में दर्शन करने गया था। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

पहला कॉलम...

शक्तिधाम में औषधीय जड़ी-बूटियों से हुई नागदेवता की पूजा

राजनांदगांव (दावा)। शहर के बाबूटोला (वार्ड क्रमांक 1) स्थित शक्तिधाम अघोर शोध एवं जनकल्याण आश्रम में नागपंचमी का पर्व पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना कर नागदेवता का आह्वान किया गया। साथ ही जंगल से लाई गई औषधीय जड़ी-बूटियों का विधिवत पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना की गई।

मंदिर परिसर में समस्त धार्मिक अनुष्ठान गुरुदेव हरीश यादव के पावन सान्निध्य में संपन्न हुए। गुरुदेव ने नागदेवता का पूजन-अभिषेक कर क्षेत्रवासियों के लिए शांति, समृद्धि और निरोगी जीवन की प्रार्थना की। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए गुरुदेव हरीश यादव ने कहा कि नागपंचमी केवल एक धार्मिक पर्व नहीं है, बल्कि यह प्रकृति, पर्यावरण और जीव-जंतुओं के प्रति हमारी प्राचीन श्रद्धा और संवेदना को दर्शाने वाला अवसर है। पूजन के दौरान परंपरागत बिहाट गीतों का गायन किया गया, जिससे संपूर्ण आश्रम परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो उठा। आयोजन के दौरान सामूहिक पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में मंदिर समिति के सदस्यों, स्थानीय नागरिकों और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

गौरीनगर में चाकू दिखाकर मारपीट व 2 हजार रुपए की लूट

राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गौरी नगर में एक आरोपी द्वारा चाकू दिखाकर कर व्यक्ति से मारपीट की गई और उससे 2 हजार रुपए लूट लिए गए। घटना की जानकारी मिलते ही चिखली चौकी प्रभारी कैलाश चंद्र मरई के नेतृत्व में आरोपी को धर दबोचा गया? और उसे गिरफ्तार कर उसके पास से चाकू बरामद व लूट की रकम 2 हजार रुपए बरामद कर उसके खिलाफ धारा बीएनएस व आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

चौकी चिखली प्रभारी श्री मरई ने बताया कि 16 अगस्त रविवार को प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी अपने दोस्त के साथ प्लाट देखने गौरीनगर की ओर गया था। वैसे ही गौरीनगर तालाब के पास आरोपी इमरान अहमद सिद्दीकी द्वारा चाकू दिखाकर मारपीट कर उससे दो हजार रूपये को छिनकर भाग गया है। प्रार्थी की उक्त रिपोर्ट पर चौकी चिखली द्वारा धारा 311, 3(5) बीएनएस, धारा 25,27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस दौरान आरोपी की पतासाजी हेतु उसकी घेराबंदी की गई तथा आरोपी के हाथ में आते हैं उसे अभिरक्षा मे लेकर पुछताछ की गई इस पर आरोपी द्वारा अपराध घटित करना स्वीकार किया गया। पुलिस ने उससे सोमवार 17 अगस्त को घटना मे प्रयुक्त चाकू एवं लूट की रकम जप्त कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल निरूद्ध कर दिया गया है।

सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन योजना के विकास में ग्रामसभा के सहयोग हेतु 24 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन योजना के विकास में ग्रामसभा के सहयोग के लिए तकनीकी सहयोग, एससीओ, स्थानीय संस्था का चयन हेतु आवेदन की तिथि में वृद्धि की गई है। इच्छुक एवं पात्रता रखने वाले तकनीकी सहयोग, एससीओ, स्थानीय संस्था निर्धारित तिथि 24 अगस्त 2026 तक कार्यालय कलेक्टर आदिवासी विकास विभाग राजनांदगांव जिला राजनांदगांव छत्तीसगढ़ पिन 491441 में रजिस्टर्ड डाक से आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

गौरव कनैया का आकस्मिक निधन

राजनांदगांव (दावा)। स्व. प्रदीप भाई कनैया के ज्येष्ठ पुत्र गौरव कनैया का 17 अगस्त 2026 को आकस्मिक निधन हो गया। वे दिव्यांशु कनैया के बड़े भाई एवं शैलेश कनैया (गोर बापा) के भतीजे थे। उनके निधन की खबर से समाज और नगर में शोक की लहर व्याप्त है। उनकी अंतिम यात्रा 17 अगस्त दोपहर 3 बजे उनके निज निवास हमालपारा से निकलकर स्थानीय मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया।

SILVER SCREEN MULTIPLEX
15th Aug to 20th Aug 2026

Awarapan 2 - 12:00, 03:00, 03:15, 06:30, 09:15 and 09:30 pm
Batwara 1947 - 12:15, 03:30, 06:00, 06:15 and 09:00 pm
Spider Man Brand New Day (Hindi 2D) - 12:30 pm
Only For
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) Enquiry 8085600200

श्री कृष्णा (एयरकुल) में
ता. 14 अगस्त से
विराट प्रदर्शन
आवारापन 2
इमरान हाशमी, दिशा पटानी

ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

नाग पंचमी पर अखाड़ा प्रदर्शन की रही धूम, पूजे गए नागदेवता

राजनांदगांव (दावा)। श्रावण मास के पिछले दो सोमवारों सहित तीसरे सोमवार को भी पूरे अंचल भर में शिव पूजा- भक्ति की बयार बही। भगवान भोलेनाथ पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ पूजे गए। श्रावण मास के तीसरे सोमवार को पान की खेती करने वाले, पान बेचने वाले बरई समाज, तम्बोली समाज, महोबिया समाज, चौरसिया समाज द्वारा शहर में नागपंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। समाज द्वारा शहर में भगवान शिव की आकर्षक झांकी के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में समाज की नर-नारियां शामिल होकर भजन कीर्तन की धून में नाच-गा कर पर्व का उल्लास व्यक्त कर रहे थे।

श्रावण मास के तीसरे सोमवार को शिव पूजन की बही बयार, बोल बम का हुआ गुंजार

इसके अलावा गांव-देहातों में भी नागपंचमी पर्व की धूम रही। शहर के नागबेल बरई तम्बोली समाज द्वारा सदर बाजार समीप स्थित श्री लक्ष्मी मंदिर में नागपंचमी महोत्सव का आयोजन किया गया। यहां नाग देवता के पूजन सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिता व प्रतिभाशाली बच्चों का मेडल देकर सम्मान किया गया। घर के दिवाल में गोबर से नाग देवता का चित्र उकेर कर उसकी पूजा की गई।

वहीं किसान बंधुओं द्वारा खेती-किसानी के कार्य में नाग देवता को अपना साथी व रक्षक मानते हुए उसकी बांबी में जाकर दूध चढ़ाएं तथा फूल पत्र अर्पित किए और हूम-धूप देकर नाग देवता से अपने घर परिवार की सुख शांति व फसलों की रक्षा की प्रार्थना की।

विधि-विधान के साथ पूजे गए नाग देवता

शहर के मठपारा स्थित नागदेव मंदिर में सुबह से ही नागदेवता के पूजन-अर्चन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ रही। इसी तरह पेंड्री, बरगा सियार में स्थित चरण पादुका मंदिर में नाग देवता पूजन के लिए दूर-दूर से भक्त जन पहुंचे हुए थे। शहर से कुछ दूर भेड़ीकला के समीप ग्राम भाठागांव में धरती फोड़ प्रगट हुए स्वयं भू शिव लिंगेश्वर मंदिर में शिव लिंग से लिपटे रहने वाले व आसपास निर्द्वंद्व विचरण करने वाली नाग देवता का दर्शन करने लोगों की भीड़ रही। लोगो ने भगवान स्वयं भू शिव लिंगेश्वर में जल चढ़ाकर व बेल पत्र पुष्पादि अर्पण कर तथा वहां विचरण कर रहे साक्षात नाग देवता का दर्शन कर धन्य महसूस की। नागपंचमी पर शहर सहित पूरे जिले भर के शिव मंदिर में भगवान शंकर के गले के साथ नागदेवता पूरे विधि-विधान के साथ पूजे गए। भक्तों ने भगवान शिव व नागदेवता में दूध जल आदि सहित बेल पत्र, दूब, धतुरा फल, कनेर पुष्प व नारियल चढ़ाकर अपने घर परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की। इधर सुबह से ही कांवरिए नजदीक के नदी सरोवरों से कांवर में जल लाकर भगवान शिव के मंदिरों में चढ़ाएं और बोल बम का उच्चार कर माहौल को गुंजायमान किया।

नागपंचमी पर अखाड़ा प्रदर्शन की रही धूम

नागपंचमी पर्व पर शहर में विभिन्न अखाड़ा मंडलियों के अखाड़ा प्रदर्शन की धूम रही। इस दिन शहर के बाली अखाड़ा, जगजननी अखाड़ा, आजाद हिंद अखाड़ा, जय बजरंग अखाड़ा, जय भवानी अखाड़ा आदि के पहलवानों व अखाड़ा विद्या के प्रेमियों ने सबसे पहले तलवार, भाला, बल्लम लाठी आदि सहित अन्य अस्त्र-शस्त्रों की पूजा की फिर उसके बाद एक वाहन में उन अस्त्र-शस्त्रों को सज़ा कर उसके प्रदर्शन के लिए शहर में अखरा जुलुस निकाला गया। इस दौरान शहर के भारत माता चौक, गांधी चौक, मानव मंदिर चौक सहित अन्य चौक चौराहों पर जुझारु बाजा की धुन के बीच अखाड़ा के पहलवानों को अपने शौर्य कला का प्रदर्शन किया। अखाड़ा विद्या की लुप्त होते जा रही इस अखरा कला के प्रदर्शन को देखने लोगों की भीड रही। बता दें कि नाग पंचमी पर कुश्ती-दंगल किए जाने की भी परम्परा है। जानने में आया है कि शहर के कुछ स्थानों में कुश्ती-दंगल के आयोजन किए गए। बता दें कि सनातन समाज में अखाड़ा संस्कृति का एक अलग महत्व और पहचान भी बना हुआ है। अखाड़ा केवल कुश्ती-दंगल सीखने का स्थान नहीं अपितु युवाओं को अनुशासन, शारीरिक क्षमता और संस्कार से जोड़ने का भी एक माध्यम है। अखाड़ा विद्या के उस्तादों का कहना है कि इस शौर्य प्रदर्शन के खेल की ओर आज के युवाओं की रुचि नहीं रह गई है। आज के युवाओं का ध्यान केवल खोखले शारीरिक सौष्ठव के प्रदर्शन की ओर हैं जबकि वक्त पड़ने पर यह काम नहीं आता, अखाड़े में सीखें गए दांव-पेंच व आयुध चलाना ही काम आते है। पहलवानों का कहना है कि बदलते समय के बावजूद अखाड़े की परंपरा को बचाए रखना जरूरी है ताकि आने वाली पीढ़ी इस गौरवशाली विरासत से जुड़ी रह सके।

श्री देव आनंद जैन स्कूल में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मना

राजनांदगाँव (दावा)। नगर की शैक्षणिक संस्था श्री देव आनंद जैन शिक्षण संघ द्वारा संचालित श्री देव आनंद जैन शिक्षा मंदिर और श्री देव आनंद पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वाधाम में 80वे स्वतंत्रता दिवस बडे ही धूम -धाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज सेवी श्री गौतम चंद सुराना द्वारा ध्वजारोहण किया गया बच्चों द्वारा राष्ट्रगान गया। तत्पश्चात दीप प्रज्वल अतिथियों द्वारा किया गया। छात्राओ द्वारा अतिथियों को कुमकुम,चावल लगाकर स्वागत किया गया। छोटे बच्चो द्वारा मेंरी भावना आत्मशुद्धि, नवकार मंत्र का उच्चारण तथा देश भक्ति गीत प्रस्तुत किये। श्री देव आनंद जैन शिक्षा मंदिर के बच्चो द्वारा नारी उत्थान ओर सावित्री बाई फूले के आधार पर कार्यक्रम प्रस्तुत किया। श्री देव आनंद पब्लिक स्कूल के बच्चों के द्वारा पेपर लिक के विषय पर शानदार प्रस्तुति दी ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौतम चंद जी सुराना ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाए दी। संस्था के पूर्व सचिव श्री गौतम जी पारख द्वारा वंदे मातरम तथा युवा को देश सेवा हेतु प्रेरित किया, संस्था के वर्तमान सचिव श्री भागचंद जी गिडिया ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाए दी तथा शीघ्र अंग्रेजी स्कूल में सी.बी.एस.सी की शुरूआत करने की घोषणा की। कार्यक्रम में संस्था ट्रस्टी मिश्री पारख, मनीष गोलछा, कोषाध्यक्ष ऋषभ नाहाटा, सचिव भागचंद गिडिया, सेठिया जी, प्रकाशचंद सांखला (अधिवक्ता) सहित अभिवावकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य सुधीर जैन ने किया। प्रभार प्रदर्शन संस्था के प्रबंधक लक्ष्मीचंद सेठिया ने किया। यह जानकारी प्रसार प्रभारी लव कुमार ने दी।

स्टेशन पारा में शान से लहराया तिरंगा, बच्चों को बाटे झंडे और मिठाई

राजनांदगांव (दावा)। स्टेशन पारा वार्ड क्रमांक 11 में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस का पर्व हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। मखियार समाज की अध्यक्ष श्रीमती बबिता विनोद कुलदीप के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में विधिवत ध्वजारोहण किया गया। राष्ट्रध्वज फहराते ही उपस्थित लोगों ने देशभक्ति के नारों के साथ स्वतंत्रता दिवस की खुशियां मनाईं। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती बबिता विनोद कुलदीप ने बच्चों को तिरंगे के झंडे वितरित किए तथा मिठाई और लड्डू खिलाकर स्वतंत्रता दिवस की खुशियां साझा कीं।

बच्चों के हाथों में तिरंगा देखकर कार्यक्रम स्थल का माहौल देशभक्ति से सराबोर हो गया। बच्चों में भी झंडा प्राप्त करने को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर श्रीमती कुलदीप ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश की आजादी असंख्य वीरों के त्याग और बलिदान का परिणाम है। हमें स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों को याद करते हुए देश की एकता, अखंडता और भाईचारे को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के साथ देश और समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। स्वतंत्रता दिवस समारोह में मखियार समाज के पदाधिकारी, सदस्य एवं वार्ड के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को मिठाई वितरित की गई और राष्ट्रप्रेम एवं सामाजिक एकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम ने वार्ड में आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द की भावना को और मजबूत किया। स्वतंत्रता दिवस का यह आयोजन बच्चों सहित समाज के सभी वर्गों के लिए उत्साह और प्रेरणा का अवसर बना।

न्यायालय नायब तहसीलदार घुमका के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202607090700108

विषय:- अ-6 अ मामले की श्रेणी:- राजस्व सन:- 2025-2026 मोहदी प.ह.नं. 00009 [(हे.)] पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार - संजय कुमार उर्फ शंकर कोठारी, अनावेदक पक्षकार-

एतद द्वारा सर्वसाधारण आमजनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजय कुमार उर्फ शंकर सिंह कोठारी आ. कन्हैयालाल कोठारी, निवासी बी-6 सनसिटी राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुतकर लेख किया गया है कि ग्राम मोहदी प.ह.नं. 09 तहसील घुमका में उनके नाम पर भूमि ख.नं. 36 रकबा 0.405 हे. दर्ज व स्थित है। आवेदित भूमि अधिकार अभिलेख व खसरा पांचसाला वर्ष 1976-77 से 1977-78 में उनके नाम पर रकबा 0.405 हे. दर्ज है। किन्तु वर्तमान ऑनलाइन अभिलेख में उनके नाम पर भूमि ख.नं. 36/1 रकबा 0.203 हे. तथा शेष भूमि ख.नं. 36/2 रकबा 0.202 हे. उनके नाम पर दर्ज नहीं होने से अपने नाम पर दर्ज किये जाने निवेदन आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे सुनवाई तिथि 25/08/2026 तक लिखित मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, निर्धारित तिथि पश्चात् प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा. यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/08/2026 को जारी किया जाता है।

Abdul Vashim Siddiqui
नायब तहसीलदार
घुमका, जिला-राजनांदगांव

न्यायालय नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिका दण्डाधिकारी घुमका, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्रं..... ब/121-वर्ष 2026-27

एतद् सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक केशव कुमार यादव पिता जोहर यादव जाति यादव निवासी ग्राम मासूल प.ह.नं. 01 तहसील घुमका, जिला राजनांदगांव द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि आवेदक की दादी कचरा बाई यादव की मृत्यु दिनांक 06/11/2012 को ग्राम मासूल तहसील घुमका, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) में हुई है। जिसका मृत्यु का पंजीयन आवेदक के द्वारा नहीं करा पाये है। जिसके कारण आवेदक द्वारा दादी का मृत्यु दिनांक 06/11/2012 को दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, पंचनामा, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं आवेदनमय दस्तावेज चालान सहित प्रस्तुत किया। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

इस प्रकरण की सुनवाई तिथि दिनांक 17/08/2026 को न्यायालय नायब तहसीलदार घुमका पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आम मुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07/08/2026 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार घुमका
जिला-राजनांदगांव

शुभांक

बी. के.
4-6-8
157-3 689-3
राजधानी
1-3-5
240-6 460-0
अनुपस्थित

चेतावनी:- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

राजनांदगांव में शान से मना 80वां स्वतंत्रता दिवस

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी में 15 अगस्त 2026 को देश का 80वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह, उमंग और राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। शहर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोहों में नागरिकों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की और तिरंगे की आन-बान-शान को नमन करते हुए देश की एकता, अखंडता एवं प्रगति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस पावन अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता का अवसर प्राप्त हुआ। भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन राजनांदगांव, शिखर डिफेंस एकेडमी (सैनिक प्रशिक्षण संस्थान), मां शीतला मंदिर, लिला सहकारी संघ मर्यादित तथा ब्लू डायमंड सिटी कॉलोनी में स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किए गए। सभी स्थानों पर राष्ट्रध्वज फहराया गया तथा राष्ट्रगान के साथ देशभक्ति का वातावरण देखने को मिला।

विभिन्न समारोहों में तिरंगे को नमन, राष्ट्रसेवा का लिया संकल्प

समारोहों के दौरान देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों और सीमा पर देश की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। उपस्थित नागरिकों ने राष्ट्र की सेवा, सामाजिक एकता और देश की प्रगति में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प भी लिया।

इस अवसर पर भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन के अध्यक्ष राजेश शर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती संध्या शर्मा, डॉ. डी.सी. जैन, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष श्रीमती रेखा दिनेश साहू, वरिष्ठ समाजसेवी हाज़रा सर, शैलेन्द्र तिवारी सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं समाजसेवी विभिन्न कार्यक्रमों में उपस्थित रहे। स्वतंत्रता दिवस समारोहों में तिरंगे के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना देखते ही बन रही थी। बच्चों, युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और पूर्व सैनिकों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रमों में भाग लिया।

सोमिल जैन ने जीता ग्लोबल मिस्टर इंडिया का खिताब

राजनांदगांव (दावा)। राजधानी रायपुर के अंबुजा मॉल में आयोजित मिस्टर एवं मिस ग्लोबल इंडिया मॉडलिंग शो में राजनांदगांव के सोमिल जैन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ग्लोबल मिस्टर इंडिया का खिताब अपने नाम किया। छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों एवं क्षेत्रों से आए प्रतिभागियों के बीच आयोजित इस प्रतियोगिता में लड़कों की श्रेणी में लगभग 25 प्रतिभागियों और लड़कियों की श्रेणी में लगभग 40 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सोमिल जैन ने अपनी शानदार प्रस्तुति, आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और मॉडलिंग प्रतिभा के दम पर निर्णायकों को प्रभावित किया और प्रथम स्थान हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि से राजनांदगांव सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। परिवारजनों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। गौरतलब है कि ग्लोबल मिस्टर इंडिया का खिताब जीतने से पहले सोमिल जैन ने मिरर फैशन वीक में आयोजित मिस्टर दुर्ग प्रतियोगिता में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए मिस्टर दुर्ग का खिताब अपने नाम किया था। लगातार दो मॉडलिंग प्रतियोगिताओं में सफलता हासिल कर सोमिल ने अपनी प्रतिभा और मेहनत का परिचय दिया है। सोमिल जैन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार, मार्गदर्शकों एवं शुभचिंतकों के सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि मिली दोनों उपलब्धियां उन्हें मॉडलिंग के क्षेत्र में और बेहतर करने के लिए प्रेरित करेंगी। उनका लक्ष्य भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राजनांदगांव और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करना है।

प्रमाण पत्र गुम सूचना

मैं श्रीमति तुलसी देवी निर्मलकर पिता-भागवत राम निर्मलकर निवासी ग्राम पो. पांडादाह तह.. खैरागढ़ जिला-के.सी.जी (छ.ग.) की निवासी हूँ। निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ-

1. यह कि, मैने शासकीय कॉलेज ऑफ नर्सिंग दुर्ग पटेल कॉम्प्लेक्स के अंतर्गत पंडित दीनदयाल यूनिवर्सिटी मेमोरियल एण्ड हेल्थ साईन्स आयुष यूनिवर्सिटी रायपुर (छ.ग.) से सत्र 2021 में बी.एस.सी. नर्सिंग की परीक्षा उत्तीर्ण की थी।

2. यह है कि उक्त रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट कही गुम हो गई है, बहुत खोजने पर भी नहीं मिल रहा है और न ही मिलने की संभावना है, जिसकी सूचना मेरे द्वारा मोदहापारा थाना रायपुर को दे दिया गया है। यह कि उक्त दी गई समस्त जानकारी सत्य एवं सही है, जिसके समर्थन में यह शपथपत्र निष्पादित कर रही हूँ।

शपथकर्ता
श्रीमति तुलसी देवी निर्मलकर
पिता-भागवत राम निर्मलकर
निवासी ग्राम पो. पांडादाह
तह.. खैरागढ़,जिला-के.सी.जी (छ.ग.)

// ईश्तहार //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदिका **उत्तम बाई पति-राम सुरज** जाति-कंवर निवासी ग्राम पिपरखार वार्ड नं. 6, तह. अं. चौकी, जिला-मोहला मानपुर, अं. चौकी (छ.ग.)। पिन नं. 491665 की निवासी हूं। जो कि मेरे पुत्री के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया हैं। जिसमें नाम के स्थान पर **गीता Gita** अंकित है। उक्त नाम गलत है। परन्तु मेरे पुत्री के नाम से जारी अंकसूची व अन्य कागजातों में नाम के स्थान **गीतांजली चौरे GEETANJALI CHOURE** अंकित है, उक्त नाम सही हैं। इसलिए आधार कार्ड में **गीता Gita** अंकित हैं। उसे सुधार करवाकर **गीतांजली चौरे GEETANJALI CHOURE** अंकित कराना चाहती हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं, जो जरूरत वक्त पर काम आवें।
स्थानः-अं. चौकी, दिनांक -17/08/2026

आवेदिका
उत्तम बाई
निवासी ग्राम पिपरखार
तह-अं चौकी, जिला-मो.मा.अं चौकी (छ.ग.)

// ईश्तहार //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदक **पियुष पिता-अजीत सिंग** जाति-गोंड़ निवासी ग्राम कोरचाटोला वार्ड नं. 03, तह.-अं. चौकी, जिला-मोहला-मानपुर, अं.चौकी (छ.ग.)। पिन नं. 491668 का निवासी हूं। जो कि मेरे स्वयं के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया हैं। जिसमें जन्मतिथि के स्थान पर **01/01/2004** तथा पिता के नाम के स्थान पर **Ajit Korcha अजीत कोरचा** अंकित है। उक्त जन्मतिथि व पिता का नाम गलत है। परन्तु मेरे स्वयं के नाम से जारी अंकसूची व अन्य कागजातों में जन्मतिथि के स्थान **10/02/2004** तथा पिता के नाम के स्थान पर **AJIT SINGH अजीत सिंग** अंकित है, उक्त जन्मतिथि व पिता का नाम सही हैं। इसलिए आधार कार्ड में जन्मतिथि के स्थान पर 01/01/2004 तथा पिता के नाम के स्थान पर **Ajit Korcha अजीत कोरचा** अंकित हैं। उसे सुधार करवाकर जन्मतिथि के स्थान 10/02/2004 तथा पिता के नाम के स्थान पर **AJIT SINGH अजीत सिंग** अंकित कराना चाहता हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं, जो जरूरत वक्त पर काम आवें ।
स्थानः-अं. चौकी, दिनांक-17/08/2026

आवेदक
पियुष
निवासी-ग्राम कोरचाटोला
तह-अं चौकी, जिला-मो.मा.अं चौकी (छ.ग.)

कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव (छ.ग.)
पिन कोड - 491441 Email.id - gmch.rjn@gmail.com
क्रमांक/अस्प.अधी./क्रय शाखा/202/5074 राजनांदगांव, दिनांक 13/08/2026

।। तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना ।।

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव (छ.ग.) के आर्थोपेडिक विभाग में लगने वाले आर्थोपेडिक अपलाईसेस, आर्थो प्रोस्थेसिस इन्स्ट्रूमेंट एवं इम्प्लान्ट्स सामग्री के दर अनुबंध (RC) लिये खुली निविदा आमंत्रित की जा रही है, इस हेतु अधिकृत कम्पनी एवं अधिकृत एजेंसियों से मुहरबंद निविदायें पंजीकृत डाक के माध्यम से उल्लेखित तिथि अनुसार आमंत्रित किया जाता है, जिसके नियम एंव शर्तों की प्रति कार्यालयीन दिवस पर प्रातः 10.00 बजे से शाम 05.30 बजे तक शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव (छ.ग.) के मुख्य भण्डार से निविदा फार्म के साथ प्राप्त किया जा सकता है।

01. निविदा प्रपत्र मूल्य : 1000.00 रु./ -(वापसी अयोग्य)।
02. निविदा प्रपत्र विक्रय की प्रारंभिक तिथि : 19.08.2026 सुबह 10.30 बजे से।
03. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि : 25.08.2026 अपरान्ह 05.30 बजे तक।
04. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि : 27.08.2026 शाम 03.00 बजे तक
05. निविदा खोले जाने की तिथि : 27.08.2026 सायं 04.00 बजे।

निविदा खोलने की तिथि एवं समय में अपरिहार्य कारणों से परिवर्तन किया जा सकता है, जिसकी सुचना कार्यालय के सूचना पटल में चस्पा किया जावेगा।

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध
चिकित्सालय राजनांदगांव (छ.ग.)
जी- 262702815/1

दिग्विजय स्टेडियम को सर्वसुविधायुक्त खेल परिसर के रूप में विकसित करने की जरूरत - कलेक्टर

० कलेक्टर की अध्यक्षता में दिग्विजय स्टेडियम प्रबंधकारिणी समिति की बैठक संपन्न
० स्टेडियम समिति की बैठक में आय के नए स्त्रोत विकसित करने, खेल सुविधाओं के विस्तार और अधोसंरचना को बेहतर बनाने पर लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

राजनांदगांव 17 अगस्त 2026। कलेक्टर एवं अध्यक्ष दिग्विजय स्टेडियम समिति राजनांदगांव श्री जितेन्द्र यादव की अध्यक्षता में आज स्टेडियम कॉन्फ्रेंस हॉल में स्टेडियम प्रबंधकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दिग्विजय स्टेडियम के बेहतर संचालन, खेल सुविधाओं के विस्तार, अधोसंरचना विकास, आय के नए स्त्रोत विकसित करने तथा खिलाड़ियों के लिए सुविधाओं को और बेहतर बनाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर ने कहा कि दिग्विजय स्टेडियम को केवल खेल आयोजन स्थल के रूप में नहीं, बल्कि एक सर्वसुविधायुक्त खेल परिसर के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। इसके लिए यहां संचालित खेल गतिविधियों को व्यवस्थित करने के साथ ही नए खेलों को जोडऩे, खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के लिए बेहतर वातावरण तैयार करने तथा स्टेडियम की आय के स्त्रोत बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है। कलेक्टर ने कहा कि राजनांदगांव में विभिन्न खेलों के प्रतिभाशाली खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक उपलब्ध हैं। उनके अनुभव का लाभ लेकर स्टेडियम में अलग-अलग खेलों की गतिविधियां नियमित रूप से संचालित की जा सकती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को भी प्रशिक्षण शिविरों से जोड़कर उन्हें खेलों के प्रति प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। कलेक्टर ने विशेष रूप से वेटलिफ्टिंग क्षेत्र को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। वेटलिफ्टिंग क्षेत्र को आधुनिक एवं आकर्षक स्वरूप देकर खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण सुविधा उपलब्ध कराई जानी चाहिए। इसके लिए आवश्यक राशि उपलब्ध कराने तथा कार्य को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने स्टेडियम की आय बढ़ाने के लिए विज्ञापन एवं अन्य व्यावसायिक गतिविधियों की संभावनाओं का परीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्टेडियम के प्रमुख स्थानों एवं हाईवे से जुड़े हिस्सों में विज्ञापन संरचनाओं के माध्यम से आय प्राप्त करने की संभावना का परीक्षण किया जाए। साथ ही दुकानों के किराए की नियमित समीक्षा एवं वृद्धि की व्यवस्था तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि स्टेडियम समिति की आय में निरंतर वृद्धि हो सके। दुकानों की स्थिति एवं सुविधाओं को बेहतर बनाकर किराए में वृद्धि करने तथा भविष्य में किराए में नियमित वार्षिक वृद्धि की व्यवस्था पर भी विचार किया गया।

कलेक्टर ने स्टेडियम परिसर के शौचालयों को अत्याधुनिक एवं बेहतर सुविधाओं के अनुरूप निर्माण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि केवल निर्माण कर देने से व्यवस्था पूरी नहीं होती, बल्कि नियमित साफ-सफाई एवं रखरखाव भी जरूरी है। शौचालयों के निर्माण के साथ नियमित साफ-सफाई एवं रखरखाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि समिति की बैठकों में आय और व्यय का पूरा विवरण नियमित रूप से प्रस्तुत किया जाना चाहिए। इससे कार्यों में पारदर्शिता बढ़ेगी और समिति के प्रति लोगों का विश्वास मजबूत होगा। कलेक्टर ने कहा कि स्टेडियम की संपत्ति एवं स्थानों का उपयोग निर्धारित नियमों एवं वैधानिक प्रावधानों के अनुरूप ही किया जाना चाहिए। संबंधित संस्थाओं के साथ आवश्यक दस्तावेजों की समीक्षा कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। पिछली बैठक में स्वीकृत निर्माण कार्यों पर हुए व्यय का अनुमोदन भी किया गया। स्टेडियम परिसर में स्थित 500 केवी जनरेटर की मरम्मत कराने का प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। मैदान के चारों टावरों की लाइटों को बदलने का निर्णय लिया गया तथा हटाई जाने वाली लाइटों का उपयोग हॉकी स्टेडियम में करने का प्रस्ताव भी स्वीकृत किया गया। स्टेडियम की प्रमुख गैलरी में शेड एवं सोलर पैनल लगाने तथा ड्रेसिंग रूम निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। स्टेडियम परिसर में खिलाड़ियों एवं आगंतुकों के लिए बेहतर खान-पान की सुविधा उपलब्ध कराने पर भी चर्चा हुई।

बैठक में राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आगामी अक्टूबर एवं जनवरी माह में प्रस्तावित रणजी ट्रॉफी मैचों के आयोजन के संबंध में दिए गए प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की गई। सितंबर माह तक स्टेडियम के मैदान एवं आवश्यक व्यवस्थाओं को निर्धारित मानकों के अनुरूप तैयार करने का निर्णय लिया गया, ताकि सितंबर में निरीक्षण के लिए आने वाले बीसीसीआई के प्रतिनिधिमंडल को रणजी ट्रॉफी मैचों के आयोजन के लिए आवश्यक सुविधाओं से अवगत कराया जा सके। स्टेडियम में नए खेलों को बढ़ावा देने के संबंध में भी चर्चा की। बॉलिंग जैसे खेलों की सुविधा विकसित करने की संभावनाओं पर विचार किया गया। साथ ही विभिन्न खेलों के लिए कोचिंग गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा स्थानीय प्रशिक्षकों की सेवाओं का उपयोग करते हुए नियमित प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने का सुझाव दिया गया। स्टेडियम परिसर में उपलब्ध स्थानों एवं विभिन्न संस्थाओं द्वारा उपयोग किए जा रहे स्थानों की समीक्षा भी की गई। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं समिति के सदस्यों द्वारा स्टेडियम के विकास के संबंध में विभिन्न सुझाव प्रस्तुत किए गए।

इस अवसर पर विधायक खुज्जी भोलाराम साहू, विधायक डोंगरगढ़ श्रीमती हर्षिता बघेल, महापौर एवं उपाध्यक्ष दिग्विजय स्टेडियम समिति मधुसूदन यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल, सचिव रमेश पटेल, कुतुबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया, सांसद प्रतिनिधि हरीश शर्मा, आयुक्त नगर पालिक निगम जीआर मरकाम, एसडीएम राजनांदगांव गौतम पाटिल एवं सहसचिव योगेश बागड़ी उपस्थित थे।

दिग्विजय स्टेडियम में खिलाड़ियों की सुविधाएं बढ़ाने एवं नियमित खेल प्रशिक्षण शिविर आयोजित हो - हरीश शर्मा

हर दो माह में विभिन्न खेलों के प्रशिक्षण शिविर का प्रस्ताव

राजनांदगांव (दावा)। सांसद संतोष पांडे के सांसद प्रतिनिधि हरिश शर्मा ने दिग्विजय स्टेडियम में खिलाड़ियों की मूलभूत सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि स्टेडियम परिसर में खिलाड़ियों के लिए पर्याप्त संख्या में स्वच्छ वॉशरूम एवं बाथरूम की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि अभ्यास एवं प्रतियोगिताओं के दौरान खिलाड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

हरिश शर्मा ने स्टेडियम में बाथरूम की वर्तमान व्यवस्था की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए बताया कि स्टेडियम परिसर के अंदर जाते समय जिस स्थान पर बाथरूम स्थित है, वहां का गेट कई बार बंद रहता है। इसके कारण खिलाड़ियों को बाथरूम का उपयोग करने में परेशानी होती है। उन्होंने संबंधित व्यवस्था को सुचारू बनाने तथा खिलाड़ियों की सुविधा के लिए गेट को आवश्यकतानुसार खुला रखने का सुझाव दिया।

स्टेडियम के भीतर लगाए जाएं वॉटर कूलर

उन्होंने कहा कि वर्तमान में स्टेडियम के बाहर पेयजल की सुविधा उपलब्ध है, लेकिन खिलाड़ियों की सुविधा को देखते हुए स्टेडियम परिसर के भीतर भी दो से तीन प्रमुख स्थानों पर वॉटर कूलर लगाए जाने चाहिए। इससे खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों को अभ्यास और प्रतियोगिताओं के दौरान आसानी से स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध हो सकेगा।

बैठक में हरिश शर्मा ने दिग्विजय स्टेडियम में प्रत्येक दो माह में क्रिकेट के अलावा एथलेटिक्स, हॉकी, फुटबॉल, कबड्डी, वॉलीबॉल, बैडमिंटन सहित अन्य खेलों के नियमित प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने का भी सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से खिलाड़ियों को अनुभवी प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा, नई खेल प्रतिभाओं को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा तथा दिग्विजय स्टेडियम में पूरे वर्ष विभिन्न खेल गतिविधियां निरंतर संचालित होती रहेंगी। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि उन्हें बेहतर सुविधाएं, नियमित प्रशिक्षण और उचित मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाए। यदि प्रत्येक दो माह में अलग-अलग खेलों के प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएं तो इससे शहर एवं जिले के खिलाड़ियों को निश्चित रूप से लाभ मिलेगा।

बैठक में उपस्थित सदस्यों ने इन सुझावों की सराहना करते हुए स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए आवश्यक सुविधाओं के विस्तार तथा विभिन्न खेल गतिविधियों को निरंतर बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उम्मीद जताई गई कि इन सुझावों पर सकारात्मक पहल होने से दिग्विजय स्टेडियम खिलाड़ियों के लिए और अधिक सुविधायुक्त एवं सक्रिय खेल केंद्र के रूप में विकसित होगा तथा राजनांदगांव की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के लिए बेहतर मंच उपलब्ध होगा।

नागपंचमी पर हीरा मोती वार्ड में आस्था, परंपरा और शौर्य का भव्य प्रदर्शन

ढोल-नगाड़ों की गूंज और जय बजरंगबली के जयघोष के बीच निकली रैली, युवाओं ने दिखाया अद्भुत पारंपरिक कौशल

राजनांदगांव (दावा)। नाग पंचमी के पावन अवसर पर वार्ड क्रमांक 39 हीरा मोती वार्ड में आस्था, उत्साह और पारंपरिक संस्कृति का जीवंत रंग देखने को मिला। नाग पंचमी के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा पार्षद रवि सिन्हा को आमंत्रित किया गया। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल होकर बजरंगबली की पूजा-अर्चना की तथा अखाड़े के समस्त अस्त्र-शस्त्रों का विधिवत पूजन किया।

पूजन के पश्चात जैसे ही अखाड़े की रैली प्रारंभ हुई, पूरा वातावरण ढोल-नगाड़ों की गूंज, जय बजरंगबली के जयघोष और युवाओं के जोश से भर उठा। पारंपरिक वेशभूषा में सजे अखाड़े के युवा हाथों में अस्त्र-शस्त्र लेकर पूरे अनुशासन और उत्साह के साथ आगे बढ़े। रास्ते भर लोगों ने रैली का स्वागत किया और युवाओं के साहस एवं कौशल का उत्साहपूर्वक अभिनंदन किया।

रैली में अखाड़े के युवाओं ने लाठी, तलवार सहित विभिन्न पारंपरिक अस्त्र-शस्त्रों के साथ हैरतअंगेज करतब और शौर्य प्रदर्शन किए। युवाओं के शानदार तालमेल और अभ्यास ने राह चलते लोगों को भी अपनी ओर आकर्षित किया। जगह-जगह लोगों की भीड़ जुटी और प्रदर्शन के दौरान तालियों की गड़गड़ाहट तथा जयकारों से वातावरण गूंजता रहा।

रैली के आगे बढ़ने के साथ ही 'जय बजरंगबली', 'हर-हर महादेव' और सनातन संस्कृति के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय और उत्साहपूर्ण नजर आया। बुजुर्गों से लेकर बच्चों तक सभी ने रैली का आनंद लिया। माताओं-बहनों और वार्डवासियों की उपस्थिति ने आयोजन की रौनक को और बढ़ा दिया।

हीरामोती वार्ड की एकता और अपनापन दिखा

इस आयोजन की सबसे खास बात वार्डवासियों की आत्मीय सहभागिता रही। हर कोई अपने वार्ड के इस पारंपरिक आयोजन को सफल बनाने में योगदान देता नजर आया। कहीं लोग रैली का स्वागत करते दिखाई दिए तो कहीं युवा साथियों का उत्साह बढ़ाते नजर आए। इस अवसर पर रवि सिन्हा ने कहा कि ÷हीरा मोती वार्ड मेरे लिए केवल एक वार्ड नहीं, बल्कि मेरा अपना परिवार है। आज अपने वार्ड परिवार के बीच नागपंचमी मनाने और युवाओं का यह अद्भुत उत्साह देखने का अवसर मिलना मेरे लिए बेहद खुशी और गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि अखाड़ों की यह परंपरा केवल शौर्य प्रदर्शन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, भाईचारे, आत्मविश्वास और हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से युवा अपनी जड़ों से जुड़ते हैं और समाज में एकता एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। रवि सिन्हा ने आयोजन में सहभागी सभी अखाड़ा सदस्यों, युवा साथियों, वार्डवासियों एवं आयोजन समिति का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वार्ड परिवार का प्रेम, सहयोग और अपनापन ही ऐसे आयोजनों की सबसे बड़ी ताकत है। नाग पंचमी का यह आयोजन पूरे हीरामोती वार्ड में भक्ति, उत्साह, शौर्य और भाईचारे की यादगार छाप छोड़ गया।

राजपूत महासभा ने मनाया स्वतंत्रता दिवसः मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान, डोंगरगढ़ इकाई के पदाधिकारियों ने ली शपथ

राज्य गौरव सम्मान से सम्मानित डॉ. कलचूरी को राजपूत महासभा द्वारा किया सम्मानित

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा के तत्वावधान में स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर गरिमामय ध्वजारोहण एवं ''स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मृति शेष ठाकुर लोटन सिंह स्मृति प्रतिभा सम्मान समारोह'' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः ध्वजारोहण के साथ हुआ, जिसके पश्चात समाज के लोगों ने 'वंदे मातरम' के नारों के साथ राष्ट्रहित में समर्पित रहने की प्रतिज्ञा ली। दोपहर में प्रतिभा सम्मान समारोह का विधिवत शुभारंभ भगवान श्री रामचंद्र जी एवं महाराणा प्रताप जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण और समाज के स्वप्नदृष्टा स्मृति शेष अजय सिंह परिहार व उनकी धर्मपत्नी स्मृति शेष अर्चना सिंह परिहार को पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। समारोह के दौरान समाज के प्रतिभावान मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

समारोह में मुख्य रूप से महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल एवं पूर्व महापौर हेमा देशमुख उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान समाज के अध्यक्ष विष्णु बहादुर सिंह एवं सचिव जयनारायण सिंह द्वारा सौंपे गए ज्ञापन पर महापौर मधुसूदन यादव ने समाज भवन में 4 अतिरिक्त कमरों के निर्माण, पेयजल पाइपलाइन बिछाने तथा आर.के. नगर स्थित महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा स्थल पर शेड (छतरी) व सुरक्षा रेलिंग निर्माण कराने की स्वीकृति दी।

डोंगरगढ़ इकाई का शपथ ग्रहण

समारोह में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह द्वारा राजपूत महासभा की डोंगरगढ़ इकाई के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। अपने उद्बोधन में श्री सिंह ने आगामी 'दशहरा मिलन समारोह' में सर्व समाज के गठन की पहल की सराहना की। राज्य गौरव सम्मान से सम्मानित होम्यो चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक कलचुरी को छग राजपूत महासभा की ओर से अभिषेक सिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन रणविजय प्रताप सिंह ने किया। आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष विष्णु बहादुर सिंह, सचिव जय नारायण सिंह, आर.एन. सिंह, दीपेश सिंह, ओ.पी. सिंह, विशाल सिंह परिहार सहित समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। अंत में अतिथियों व समाजजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

प्रेम करने वाला हर स्थिति में आनंदित रहता है - श्रेयांशप्रभ सागर जी

मोह, राग-इच्छा पूरी नहीं होने पर क्रोध में बदल जाता है

राजनांदगाव (दावा)। परम पूज्य खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणिप्रभसूरीश्वरजी म.सा., खरतर गच्छाधिपति मणिप्रभ सागर जी के सुशिष्य श्रेयांशप्रभ सागर जी ने कहा कि प्रेम करने वाला व्यक्ति हमेशा आनंदित रहता है, चाहे वह किसी भी परिस्थिति में हो। उसके अनुसार काम हुआ तो ठीक, नहीं हुआ तो भी ठीक, वह हमेशा प्रेम में लीन रहता है। जबकि मोह करने वाला व्यक्ति उसके अनुसार काम नहीं हुआ तो वह क्रोध में आ जाता है। जैन बगीचा स्थित ज्ञानवल्लभ उपाश्रय भवन में अपने नियमित चातुर्मासिक प्रवचन में उन्होंने कहा कि प्रेम करने वाला व्यक्ति जहां जो हो रहा है उससे सहमत होता है। प्रेम को बांधकर नहीं रखा जा सकता। मोह और राग हमेशा छोटों पर होता है।

उन्होंने कहा कि आप जिसकी प्रशंसा कर रहे हैं, उससे मोह टूटने पर आप उसकी बुराई करने लग जाते हैं। यह कभी प्रेम नहीं हो सकता। यह मोह है जिसके कारण आपकी प्रतिक्रिया ऐसी होती है। मोह टूटने पर वह क्रोध में बदल जाता है जबकि प्रेम नहीं बदलता वह प्रेम ही रहता है। परमात्मा सभी से प्रेम करते हैं। मुनिश्री ने कहा कि परमात्मा का जीवन हमारे लिए एक संदेश है। वे सहज, सरल और दयावान हैं। वे सभी कषायों से दूर हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पास कुछ भी नहीं है और जो है उसका हमें अहंकार नहीं करना चाहिए, क्योंकि परमात्मा की नजरों में वह तुच्छ है। ज्ञान का अहंकार करने वाले बहुत कम है लेकिन यदि वे अहंकार करते हैं तो वह ज्ञान-ज्ञान नहीं है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने दी।

अशांति फैलाने वाले दो बदमाश पकड़ाये

राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले दो बदमाशों को धर दबोचा है और उनके खिलाफ धारा 170 बीएन एस एस के तहत कार्रवाई की है।

चौकी चिखली प्रभारी कैलाश चंद्र मई ने बताया कि सोमवार 17 अगस्त को बदमाश नितेश तुरकने पिता सेवक राम तुरकने उम्र 25 साल निवासी शंकरपुर वार्ड नं. 07 व रवि शर्मा पिता स्व. रमाकांत शर्मा उम्र 32 साल निवासी चिखली रमन बाजार पेट्रोल पंप के पास के द्वारा आपस मे वाद विवाद कर शांति भंग कर रहा था इससे अप्रिय घटना घटित होने की संभावना पर दोनो बदमाश के विरूद्ध धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया।

शिवनाथ कॉलोनी फेस-2 एवं 3 में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवसः पहली बार हुआ सार्वजनिक ध्वजारोहण

राजनांदगांव (दावा)। शिवनाथ कॉलोनी फेस-2 एवं 3 में स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरे हर्षोल्लास और देशभक्ति के वातावरण में गरिमामय ढंग से मनाया गया। शिवनाथ सद्भावना समिति के तत्वावधान में आयोजित इस समारोह में मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद शेखर लश्खरे ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। कॉलोनी के इतिहास में यह अवसर अत्यंत विशेष एवं ऐतिहासिक रहा, क्योंकि यहाँ पहली बार स्वतंत्रता दिवस पर सार्वजनिक रूप से तिरंगा फहराया गया। समारोह में कॉलोनीवासियों ने देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत होकर बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों, युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने आयोजन को यादगार बना दिया। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों ने देश के अमर स्वतंत्रता सेनानियों और वीर शहीदों को नमन करते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा का संकल्प लिया। अंत में शिवनाथ सद्भावना समिति ने कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले सभी कॉलोनीवासियों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

अटल जी की पुण्यतिथि पर महापौर ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन

राजनांदगांव (दावा)। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न माननीय अटल बिहारी बाजपेयी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव ने अटल परिसर में स्थापित उनकी प्रतिमा में माल्यार्पण कर उनके योगदानों को याद कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। साथ ही पूर्व मंत्री स्व. लीलाराम भोजवानी जी पुण्यतिथि पर उनके तैलचित्र में माल्यार्पण किए।

अटल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में महापौर श्री यादव ने कहा कि अटल जी देश सेवा के लिए समर्पित थे और उन्होंने अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल में देश को एक अलग पहचान दिलाई। उन्होंने कहा कि उनके सरल व्यक्तित्व ओजस्वी वक्ता और राष्ट्रहित की भावना के आधार पर सभी राजनेतिक दल उन्हे मानते थे। अटल जी छत्तीसगढ राज्य के निर्माता थे। आज जो छत्तीसगढ़ विकास की ओर अग्रसर हो रहा है, उसमें अटल जी का महत्वपूर्ण योगदान है। इस अवसर पर उन्होंने पूर्व मंत्री स्व. श्री लीलाराम भोजवानी जी को नमन करते हुए कहा कि भोजवानी जी भी एक सौम्य एवं सरल नेता थे, उन्होंने पार्षद से लेकर मंत्री तक का राजनीतिक सफर तय किया।

बीस सूत्रीय क्रियान्वयान समिति के पूर्व उपाध्यक्ष खूबचंद पारख ने अटल जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अटल जी एक ऐसे व्यक्तित्व थे, जिनका किसी से कोई बैर नही था और उनके कार्य व व्यवहार से विरोधी दल के लोग भी उनकी प्रशंसा करते थे। उन्होंने देश की एकता, अखण्डता और देश को विकसित करने के लिए अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल में अनेक कार्य किए।

उनके राष्ट्र भक्ति, सरल व्यक्तित्व सदेव याद किया जायेगा। उन्होंने भोजवानी जी की पुण्यतिथि पर भी उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

अटल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल, पूर्व विधायक रामजी भारती, कृषि उपज मण्डी के पूर्व उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, दिग्विजय स्टेडियम समिति के सचिव रमेश पटेल, समाजसेवी सुरेश एच.लाल सहित पार्षदगण, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

शाइन मोंटेसरी स्कूल शंकरपुर में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय शाइन मोंटेसरी स्कूल, शंकरपुर में स्वतंत्रता दिवस का राष्ट्रीय पर्व बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। समारोह के दौरान स्कूल के प्रिंसिपल समीर खान ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर तिरंगे को सलामी दी। इसके पश्चात उन्होंने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं समस्त स्टाफ को स्वतंत्रता दिवस की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्र निर्माण में शिक्षा और अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर नाज़िया मैडम, गीता मैडम, कुसुमलता मैडम, भावना मैडम, नंदिनी मैडम, भूमिका मैडम, पायल मैडम, प्रेरणा मैडम, संगीता मैडम सहित शाला परिवार के शिक्षक-शिक्षिकाएं, कार्यालयीन स्टाफ एवं बड़ी संख्या में नन्हे-मुन्ने बच्चे उपस्थित रहे।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

नागपुर मंडल में 10 KVA AT के प्रावधान के लिए ई-निविदा सूचना

निविदा सूचना सं.: TRD_NAG_TENDER_26-27_04R2 दिनांक: 10.08.2026
कार्य का नाम: दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल में नॉन-इंटरलॉक LC गेट्स की इंटरलॉकिंग से सम्बंधित 10 KVA AT का प्रावधान।
निविदा मूल्य: ₹ 65,00,908/-
बयाना राशि: ₹ 1,30,000/-
इलेक्ट्रॉनिक ऑफर जमा करने की अंतिम तिथि (ऑन-लाइन): दिनांक 01.09.2026 के 14:00 बजे तक।
उपरोक्त निविदा की अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें।
वरि. मंडल विद्युत अभियंता - टीआरडी, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर
D360S/18-90

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

अनमोल दावा

"अच्छे कर्मों का पेड़ धीरे-धीरे बढ़ता है, लेकिन उसकी छाया पूरी जिंदगी सुकून देती है।"

सम्पादकीय

इन बुरे दिनों से राहत कब मिलेगी?

देश की आजादी को 79 वर्ष हुए और हाल ही हमने 80वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। किन्तु, इतने लम्बे वर्षों के बाद भी राष्ट्रीयता के जो संस्कार हृदय में मजबूत होने चाहिए थे, वे नहीं हुवे हैं। हमारी राष्ट्रीयता केवल भाषा में, भाषणों में और अधिक से अधिक सतही चर्चाओं में सुनने को मिलती है। विश्व में भारत सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। लेकिन, लोकतंत्र की विडम्बना यह कि सत्ता बहुत ही शक्तिशाली बन जाती है। ऐसे समय समाज प्रश्नों को पूछना बंद कर देता है। नागरिकों का मौन, यूनिवर्सिटियों का मौन और युवाओं की व्यक्तिगत सफलता पर ध्यान केन्द्रित करना, यह किसी भी लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं है। इसके विपरीत, जब युवा सिस्टम के पास से जवाब मांगते हैं, तब वह केवल विरोध नहीं है, यह लोकतंत्र की आत्मा की एक नए उथल पुथल का संकेत देती है। आज युवा, जेन जी, शिक्षा, स्पर्धात्मक, परीक्षाओं की विश्वसनीयता और रोजगार के प्रश्नों को लेकर आंदोलनरत है।

देश में भ्रष्टाचार का दायरा इतना बढ़ा है कि यह अब समग्र शासन, प्रशासन और समाज तक पहुंचा है। ऐसा कोई भी क्षेत्र नहीं बचा है, जहां भ्रष्टाचार ने प्रवेश न किया हो। कोई भी सरकारी काम बगैर पैसों के नहीं होता। संबंधित अधिकारियों की जेबें जब तक गर्म न हो तो जनता को दफ्तरों के चक्कर लगाने ही पड़ते हैं। ऐसे हालात में केवल एक ही विकल्प ''भ्रष्टाचार का आश्रय'' रहता है।

उत्तरप्रदेश में बुलडोजर कार्यवाही संबंधित केस में निर्णय देते हुवे इलाहाबाद कोर्ट के न्यायाधीश अतुल श्रीधर ने देश में प्रवृत्तमान भ्रष्टाचार पर तीखी टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि राम मंदिर में प्रसाद की चोरी से जुड़ा हाल का ही विवाद प्रमाणिकता के पतन के शीर्ष को प्रतिबंधित करता है। भ्रष्टाचार पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा था कि भ्रष्टाचार इतना सामान्य हो गया है कि, जब तक कोई पकड़ा न जाए, तब तक लोग उसे गलत नहीं मानते। ट्रांसपैरेन्सी इन्टरनेशनल रेकिंग में देश का स्थान भी समाज के लिए शर्मनाक नहीं है। कई मर्तबे पढ़ते हैं कि फलाना अधिकारी के निवास स्थान से करोड़ों रूपयों की नगदी, सोना-चांदी व सम्पत्तियां मिली है या कोई राजनीतिज्ञ गैरकानूनी ढंग से अनुपातहीन सम्पत्तियां रखा है। महिला अधिकारी भ्रष्टाचार में फंसी है, इसके बावजुद ऐसी मान्यता है कि महिलाएं भ्रष्टाचार से दूर रहती हैं। भ्रष्टाचार को हमारे समाज ने शिष्टाचार के रूप में अपना लिया है, यह देश का दुर्भाग्य है।

भ्रष्टाचार को नेस्तनाबूद करने सरकारी सूत्रों में बारम्बार ऐसा उल्लेख किया जाता है कि शीर्ष अधिकारी और अग्रणी नेता भ्रष्टाचार के सामने शून्य सहिष्णुता (जीरो टालरेंस) की नीति का दावा करते हैं, परन्तु उनकी नाक के नीचे ही भ्रष्टाचार चालू रहता है। हाल ही, जब एक अधिकारी रिश्वत लेते हुवे पकड़ा गया था, तब उसने कहा था- ''मैं अकेला दोषी नहीं हूं, यह पैसा ऊपर तक जाता है। उसका कथन सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। परन्तु, लोगों ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी थी। न्यायाधीश अतुल श्रीधर ने भ्रष्टाचार के केसों में दोषियों को मृत्युदंड देने का विचार सूचित किया है।

आजादी के 80 वें वर्ष में हमने प्रवेश तो कर लिया है किन्तु महंगाई, यू.एस. टेरिफ संबंधित नई कठिनाइयों ने भारतीय अर्थतंत्र को चिन्ताग्रस्त कर दिया है। हाल ही, आर.बी.आई. की बैठक के बाद देश में महंगाई, आर्थिक स्थिति और जीडीपी के ग्रोथ रेट का वास्ततिक चित्र प्रस्तुत किया है। इस बैठक में संकेत दिया गया था कि, आगामी समय में देश के अर्थतंत्र के लिए चुनौतीपूर्ण रहने वाला है।

सबसे महत्वपूर्ण, कृषि क्षेत्र में टेक्नालाजी का उपयोग बढ़ाने का है। जल संचय, फसल वैविध्यकरण और प्राइज स्टेबिलाईजेशन फण्ड द्वारा कृषि क्षेत्र को कमजोर मानसून के जोखिम से बचाना होगा। नई टेक्नालाजी तथा नए रोजगारों के द्वारा युवा वर्ग को इस क्षेत्र में आकर्षित करके भारत में टेक्नालाजी आधारित हरित क्रान्ति करने की महती आवश्यकता है।

ग्रामीण अंचलों में शिक्षा दयनीय स्थिति में है। कहीं शिक्षकों की कमी, जर्जर स्कूलों ने देश की नींव सदृश्य प्राथमिक, मीडिल स्कूलों की शिक्षा पर प्रश्न लगा दिया है।

ये सभी देशव्यापी प्रदूषण विनाश के राजमार्ग हैं। जिसे देश के नागरिकों ने ही पसंद किया है। हमारे अमूल्य वोट पहले तो ऐसे नहीं थे। हमारा सुयोग्य चयन ही हमारा भविष्य तय करता है। जनता को गुमराह कर, मुख्य मुद्दों से ध्यान हटाकर ओछी राजनीति करना इसे नैतिकता की पराकाष्ठा ही कहना चाहिए।

आधारभूत चुनौतियों से उन्नत विषयों तक - स्वतंत्रता दिवस भाषणों के जरिए भारत के बदलाव की यात्रा

पिछले एक दशक में भारत ने कितनी दूरी तय की है, इसे मापने का एक सरल तरीका है। प्रधानमंत्री के स्वतंत्रता दिवस के भाषणों को सुनना। मोदी सरकार के शुरुआती वर्षों में भाषण उन समस्याओं पर केंद्रित होते थे जिन्हें आज हम सामान्य मान सकते हैं- शौचालय, बिजली, गरीबी, सड़कें, बैंक खाते और उर्वरक की कमी। लेकिन जब प्रधानमंत्री ने इन पर बात की, तो उनके लहजे में एक तत्परता थी। चुनौती यह थी कि जो टूटा हुआ है उसे ठीक किया जाए और जो छूट गए हैं उन तक पहुंचा जाए। वर्षों के दौरान, उनकी शब्दावली में बदलाव आने लगा। बातचीत पहुंच से आकांक्षा की ओर, कमियों को दूर करने से क्षमताओं के निर्माण की ओर, और तात्कालिक समस्याओं को हल करने से ऐसी प्रणालियां बनाने की ओर बढ़ी जो भारत की पहचान को फिर से उन समस्याओं से न बांध सकें। शायद यही कारण है कि लाल किले से दिए गए उनके संबोधनों की अवधि और उनका दायरा अपने आप में एक अलग पहचान बन गया है। जिस प्रधानमंत्री का कार्य जीवन अथक परिश्रम के लिए जाना जाता है, उनके द्वारा लाल किले से देश की यात्रा को प्रस्तुत करने में समर्पित समय बहुत कुछ बयां करता है। ये केवल वार्षिक भाषण नहीं हैं; यदि इन्हें एक साथ पढ़ा जाए, तो ये देश के रूपांतरण के एक चलते-फिरते रिकॉर्ड जैसे प्रतीत होते हैं।

1. शौचालय सेमीकंडक्टर

2014- क्या हम अपनी माताओं और बहनों की गरिमा के लिए शौचालय की व्यवस्था भी नहीं कर सकते? 2026-आज की डिजिटल दुनिया और तकनीक-संचालित युग में, हम चिप के महत्व को समझते हैं। चाहे इलेक्ट्रॉनिक्स का सामान हो, चिकित्सा उपकरण हों या परिवहन प्रणाली, चिप्स हर जगह अनिवार्य हैं। दुनिया एक ऐसे मोड़ पर पहुंच गई है जहां चिप्स के बिना पूरी व्यवस्था ठप हो सकती है। यही कारण है कि भारत ने आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अपनी सेमीकंडक्टर विनिर्माण क्षमता स्थापित करना शुरू कर दिया है।

2. ग्रामीण सड़कें: उपग्रह - मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन ? एआई और क्वांटम कंप्यूटिंग

2016: हमारे देश में ग्रामीण सड़कें एक शाश्वत मुद्दा हैं। प्रत्येक ग्रामीण नागरिक पक्की सड़कों की इच्छा रखता है। 2018: हमारे वैज्ञानिकों ने एक साथ 100 से अधिक उपग्रह प्रक्षेपित किए, जिससे पूरी दुनिया आश्चर्यचकित रह गई। 2024: मैंने देखा है कि चंद्रयान मिशन की सफलता के बाद हमारे स्कूलों और कॉलेजों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी में रुचि का एक नया माहौल बना है। 2025: हम अंतरिक्ष में अपने दम पर आत्मनिर्भर भारत गगनयान की तैयारी कर रहे हैं। हम अपने दम पर अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। 2026: आज एआई, क्वांटम टेक्नोलॉजी, स्पेस, रोबोटिक्स और डेटा सेंटर का युग है। एक बिल्कुल नया क्षेत्र खुल गया है। उभरती प्रौद्योगिकियां हमें हर पल चुनौती दे रही हैं। इसलिए, हमें अपने देश को केवल दुनिया का बाजार नहीं बनाना है; हमें नवाचार का केंद्र बनना होगा।

3. गरीबी के खिलाफ लड़ाई

2014: यदि भारत के लोग बिना सरकार की ताकत के, बिना हथियारों के और बिना संसाधनों के भी इतने बड़े साम्राज्य को उखाड़ फेंक सकते हैं, तो दोस्तों, आज समय की मांग है कि गरीबी को मिटाया जाए, क्या हम गरीबी पर विजय नहीं पा सकते? क्या हम गरीबी को हरा नहीं सकते? मेरे 125 करोड़ प्यारे देशवासियो, आइए हम गरीबी मिटाने का, इसके खिलाफ जीतने का संकल्प लें। 2026: विकसित भारत का संकल्प तभी पूरा होगा जब विकास अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगा। 2014 से पहले केवल 25 करोड़ लोगों के पास सामाजिक सुरक्षा कवच था...हमने एक दशक के भीतर 100 करोड़ देशवासियों को सामाजिक सुरक्षा कवच प्रदान किया है।

4. महिलाओं की गरिमा से लेकर महिला-नेतृत्व वाले आरक्षण तक

2014: हम 21वीं सदी में जी रहे हैं। क्या हमें कभी इस बात का दर्द हुआ है कि हमारी माताओं और बहनों को खुले में शौच के लिए जाना पड़ता है? क्या महिलाओं की गरिमा हमारी सामूहिक जिम्मेदारी नहीं है? गांव की गरीब महिलाएं रात होने का इंतजार करती हैं; जब तक अंधेरा न हो जाए, वे शौच के लिए बाहर नहीं जा सकतीं... क्या हम अपनी माताओं और बहनों की गरिमा के लिए शौचालय की व्यवस्था नहीं कर सकते? 2018: मैं गर्व के साथ भारतीय सशस्त्र बलों की शॉर्ट सर्विस कमीशन में महिला अधिकारियों की नियुक्ति के लिए स्थायी कमीशन देने की घोषणा करता हूं।

2026: आइए हम उनकी गरिमा को बनाए रखने के लिए आगे आएं और यह सुनिश्चित करें कि हमारी माताओं और बहनों को जल्द से जल्द विधानसभाओं और लोकसभा में 33प्रतिशत प्रतिनिधित्व मिले, ताकि वे भारत की नीतियों को आकार देने में योगदान दे सकें। यह समय की मांग है और मैं एक बार फिर सभी राजनीतिक दलों से आग्रह करता हूं कि आएं और इस कार्य में शामिल हों।

5. किसानों को प्राथमिकता देना

2014: लेकिन, कृपया मुझे बताएं कि हमारे किसान आत्महत्या क्यों करते हैं? किसान साहूकार से कर्ज लेता है, लेकिन कर्ज चुकाने में असमर्थ रहता है। वह अपनी बेटी की शादी के लिए कर्ज लेता है, लेकिन चुका नहीं पाता। उसे जिंदगी भर कष्ट सहने पड़ते हैं। वह आत्महत्या का रास्ता चुनता है। ऐसे किसानों के गरीब परिवारों को कौन बचाएगा? 2018: अर्थशास्त्री, किसान संगठन, किसान और साथ ही राजनीतिक दल यह मांग कर रहे थे कि किसानों को उनकी लागत का डेढ़ गुना न्यूनतम समर्थन मूल्य मिलना चाहिए। इस मुद्दे पर सालों तक बहस हुई, फाइलें इधर-उधर घूमती रहीं, लेकिन बात अटकी रही। आखिरकार हमने फैसला लिया। हमने किसानों को उनकी लागत का डेढ़ गुना MSP देने का साहसिक निर्णय लिया। 2025: पिछले साल मेरे देश के किसानों ने खाद्यान्न उत्पादन में पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए... 4 लाख करोड़ रुपये के कृषि उत्पादों का निर्यात किया गया है। 2026: हमारे किसानों की पहुंच अब वैश्विक बाजारों तक है। एफटीए (FTA) के कारण हमें एक बहुत बड़े बाजार तक पहुंच मिल रही है... हमें खेत से निर्यात बाजार की ओर बढ़ना होगा। चाहे हमारा पारंपरिक व्यंजन हो, हमारे मोटे अनाज (श्री अन्न) हों, हमारे मसाले हों, हमारे फल हों या हमारे फूल हों... आज इस एफटीए के कारण हमारे झींगा (shrimp) के निर्यात की संभावना बहुत बढ़ गई है।

6. स्टार्टअप इंडिया

2015- मुझे स्टार्टअप्स को ताकत देनी है और इसलिए, मैं संकल्प लेता हूं कि आने वाले दिनों में ''स्टार्टअप इंडिया'' और ''स्टैंड-अप इंडिया'' होगा। 2016 - आने वाले दिनों में हिंदुस्तान का ऐसा कोई जिला, ऐसा कोई ब्लॉक नहीं होना चाहिए जहां स्टार्टअप शुरू न हों। क्या भारत यह सपना नहीं देख सकता कि वह स्टार्टअप की दुनिया में दुनिया में नंबर एक बने? आज हम उस स्थिति में नहीं हैं। 2026: हमने कई रास्ते खोले हैं; हमने स्टार्टअप सेक्टर खोला है। आपने देखा होगा कि औसतन 28 वर्ष की आयु के युवाओं के नेतृत्व वाले भारत के निजी स्टार्टअप्स ने अपने उपग्रह और रॉकेट लॉन्च किए, जो अपने पहले ही प्रयास में सफल रहे। उन्होंने वास्तव में कुछ उल्लेखनीय हासिल किया है।

7. विनिर्माण/प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भरता

2014: ..इलेक्ट्रिकल से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स तक, ''आइए, मेक इन इंडिया'', ऑटोमोबाइल से लेकर कृषि मूल्य संवर्धन तक ''आइए, मेक इन इंडिया'', कागज हो या प्लास्टिक, ''आइए, मेक इन इंडिया'', उपग्रह हो या पनडुब्बी ''आइए, मेक इन इंडिया''। 2025: .इसी साल के अंत तक, भारत के लोगों द्वारा भारत में निर्मित ''मेड इन इंडिया'' चिप बाजार में उपलब्ध होगी। ऑपरेटिंग सिस्टम से लेकर साइबर सुरक्षा तक, दीप टेक से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तक, सब कुछ हमारा अपना होना चाहिए, जिस पर हमारे अपने लोगों की क्षमता केंद्रित हो, हमें दुनिया के सामने उनकी क्षमताओं की ताकत को पेश करना चाहिए। 2026: हमें विनिर्माण क्षेत्र को महत्वपूर्ण रूप से आगे बढ़ाना चाहिए; उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ, हमें छोटे घटकों से लेकर बड़े पैमाने के उत्पादों तक सब कुछ बनाने की आवश्यकता है। पूरी वैल्यू चेन हमारी होनी चाहिए और हमें इसके साथ आगे बढ़ना चाहिए, हमें घटकों के साथ-साथ पूर्ण विनिर्माण की आवश्यकता है, हमें पूर्ण उत्पाद भी चाहिए। डिजाइन से लेकर विनिर्माण तक, भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एक विश्वसनीय केंद्र के रूप में उभरना होगा।

8. गांव का विद्युतीकरण-परमाणु ऊर्जा का विस्तार

2015: इन 18,500 गांवों में बिजली के खंभे, बिजली के तार और बिजली पहुंचाने का लक्ष्य अगले 1000 दिनों के भीतर हासिल कर लिया जाएगा। 2026: ऊर्जा सुरक्षा समय की मांग है, और इसलिए, हमने इस दिशा में पहले ही कई कड़े कदम उठाए हैं। ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने का एक बड़ा माध्यम परमाणु ऊर्जा है। संसद में शांति (SHANTI) अधिनियम पारित करके, हमने एक नए लक्ष्य की राह प्रशस्त की है। 2047 तक, हम 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा के लक्ष्य की ओर काम कर रहे हैं। इसी दशक के भीतर, हमने पांच नए परमाणु रिएक्टर शुरू करने का लक्ष्य रखा है।

9. इंटरनेट कनेक्टिविटी

2015: आप कल्पना कर सकते हैं कि गांवों के बच्चों को कितनी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी, यदि भारत के सभी गांव ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी से जुड़ जाएं और यदि हम गांवों के हर दूर-दराज के कोने के स्कूलों में दूरस्थ शिक्षा (distance education) देने में सक्षम हों।

2024: हमने वे दिन भी देखे हैं जब हमें 2प्रतिशत के लिए भी संघर्ष करना पड़ता था। हम 6त के लिए पहले से ही मिशन मोड में काम कर रहे हैं और हम अपनी प्रगति से दुनिया को चौंका देंगे। 2026: इंटरनेट उपयोगकर्ताओं और उपभोक्ताओं की संख्या लगभग चार गुना बढ़ गई है। दिए गए पेटेंट की संख्या में चार गुना वृद्धि हुई है। डिजिटल लेनदेन में 100 गुना वृद्धि हुई है। हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना होना चाहिए कि ''मेड-इन-इंडिया'' 6प्रतिशत दुनिया के हर कोने तक पहुंचे। हमें इस दिशा में अपने प्रयासों को गति देनी चाहिए, और इस प्रयास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता कम नहीं होनी चाहिए।

10. वामपंथी उग्रवाद / नक्सलवाद

2017: मैं वामपंथी उग्रवाद को अंकुश में लाने के लिए सुरक्षा बलों के प्रयासों की गहराई से सराहना करता हूं, जिसने इन क्षेत्रों के बहुत से युवाओं को आत्मसमर्पण करने और मुख्यधारा में शामिल होने के लिए प्रेरित किया।2018: वामपंथी उग्रवाद, माओवाद देश का खून बहा रहे हैं। हिंसक घटनाएं, लोगों का घरों से भागना और जंगलों में छिपना रोज की बात थी। हमारे सुरक्षा बलों के निरंतर प्रयासों, विकास परियोजनाओं की शुरुआत और लोगों को राष्ट्रीय मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयासों के कारण, 126 जिलों को प्रभावित करने वाला वामपंथी उग्रवाद अब घटकर 90 जिलों तक सीमित हो गया है। 2025: एक समय था जब नक्सलवाद ने 125 से अधिक जिलों में जड़ें जमा ली थीं। हमारे आदिवासी इलाके और युवा माओवाद के चंगुल में फंस गए थे। आज, हमने उस संख्या को 125 से अधिक जिलों से घटाकर केवल 20 कर दिया है। 2026: जब आपने हमें 2014 में सेवा करने का अवसर दिया, तो हमने उसी दिन देश को नक्सलवाद से मुक्त करने का संकल्प लिया था। आज मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि नक्सली-माओवादी हिंसा में शायद अब अपनी अंतिम सांस लेने की ताकत भी नहीं बची है। हम इसे पूरी तरह खत्म करने की दिशा में बढ़ रहे हैं। जिन इलाकों में कभी नक्सली गोलियां चलाते थे, जहां की जमीन कभी खून से सनी होती थी, आज उन्हीं नक्सल प्रभावित इलाकों और क्षेत्रों में विकास, विश्वास और प्रयास का तिरंगा शान से लहरा रहा है।

11. बैंक खाते - यूपीआई और वैश्विक फिनटेक प्रभुत्व

2015: आजादी के साठ साल बाद भी... देश के 40 प्रतिशत लोग बिना बैंक खाते के थे... गरीबों के लिए बैंकों के दरवाजे नहीं खुले थे। 2025: हमारा अपना यूपीआई (UPI) प्लेटफॉर्म आज दुनिया को हैरान कर रहा है... अकेले भारत यूपीआई के जरिए 50 प्रतिशत रियल-टाइम लेनदेन कर रहा है। 2026 - हमने यूपीआई और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन पहले ही कर दिया है। हमने दुनिया को अपनी ताकत से अवगत कराया है। अब भारत को अपनी डिजिटल पब्लिक टेक्नोलॉजी को दुनिया के हर कोने में ले जाना होगा।

कर्तव्यबोध : सशक्त लोकतंत्र की पहली शर्त

- गजेंद्र बख्शी (अधिवक्ता)

स्वतंत्रता केवल अधिकारों का उत्सव नहीं, बल्कि कर्तव्यों का संकल्प भी है। राष्ट्र तभी सशक्त बनता है, जब उसके नागरिक अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने दायित्वों का भी ईमानदारी से निर्वहन करें।

समाज को दिशा देने की क्षमता प्रत्येक व्यक्ति में निहित होती है, किंतु उस क्षमता का सकारात्मक उपयोग ही राष्ट्र के निर्माण का आधार बनता है। प्रकृति हमें यही शिक्षा देती है। जिस प्रकार वृक्ष की प्रत्येक शाखा, प्रत्येक पत्ता और प्रत्येक जड़ उसके अस्तित्व को सुदृढ़ बनाते हैं, उसी प्रकार प्रत्येक नागरिक का आचरण राष्ट्र की शक्ति का आधार होता है।

स्वतंत्रता के 79 वर्ष पूर्ण होने के बाद भी हम प्रत्येक नागरिक में राष्ट्र के प्रति समर्पण, अनुशासन और कर्तव्यबोध की भावना को अपेक्षित स्तर तक विकसित नहीं कर पाए हैं। विश्व के अधिकांश लोकतंत्र नागरिकों को अधिकारों के साथ उत्तरदायित्व का भी बोध कराते हैं। हमारे यहाँ अधिकारों की चर्चा अधिक हुई, किंतु कर्तव्यों की संस्कृति उतनी सशक्त नहीं बन सकी।

लिखने, सुनने और सुनाने की प्रक्रिया अनवरत चलती रहनी चाहिए। स्वतंत्र भारत के 80वें वर्ष में यह विचार-मंथन प्रस्तुत है।

आज आवश्यकता है कि शिक्षा प्रणाली में नागरिक अधिकारों के साथ-साथ मौलिक कर्तव्यों को व्यवहारिक रूप से पढ़ाया जाए। प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक विद्यार्थियों में संविधान के प्रति निष्ठा, राष्ट्रहित, सामाजिक उत्तरदायित्व, अनुशासन, पर्यावरण संरक्षण, सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा और राष्ट्रीय एकता के संस्कार विकसित किए जाएँ। यही संस्कार भविष्य के आदर्श नागरिक का निर्माण करेंगे। लोकतंत्र की मूल संरचना से अधिकांश नागरिक परिचित हैं। हम संविधान की शपथ लेते हैं, राष्ट्रगान का सम्मान करते हैं और राष्ट्रीय पर्व मनाते हैं, फिर भी सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार, स्वार्थ और नैतिक पतन समय-समय पर लोकतंत्र को कमजोर करते हैं। जब समाज का प्रभावशाली वर्ग ही अनुशासन से विमुख होता है, तब सामान्य नागरिक का विश्वास भी डगमगाने लगता है।

मेरा मानना है कि लोकतंत्र का पहला अध्याय कर्तव्यबोध होना चाहिए। नागरिक जीवन के लिए ऐसी आचार-संहिता विकसित की जानी चाहिए, जो कानून के भय से नहीं, बल्कि नैतिक चेतना से प्रेरित हो। जिस प्रकार परिवार में बिना किसी लिखित कानून के परस्पर सम्मान, अनुशासन और उत्तरदायित्व का पालन होता है, उसी प्रकार राष्ट्र के प्रति भी प्रत्येक नागरिक में आत्मानुशासन और कर्तव्यनिष्ठा का भाव स्वाभाविक रूप से विकसित होना चाहिए। यदि प्रत्येक भारतीय यह संकल्प ले कि राष्ट्रहित सदैव व्यक्तिगत हित से ऊपर रहेगा, तो भारत केवल आर्थिक या तकनीकी महाशक्ति ही नहीं, बल्कि नैतिक रूप से भी विश्व का पथप्रदर्शक बन सकता है।

मेरे भारत में हमारा अनुशासन ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है, और हमारे संवैधानिक कर्तव्यों का पालन ही सच्ची राष्ट्रभक्ति का सर्वोच्च परिचायक है।

सामयिक चर्चा

कलियुगी कुपुत्र की कथा

खबर, ध्यान से पढ़कर, बोले बानी -
''गजाधर! आज हम सुनाते है आपको
मानपुर थाना के टांगापानी गांव के
शराबी बेटे रोहित कुमार की कहानी -
हॉ! तो गजाधर!
उस शराबी बेटे ने नशे के लिए रूपए
न देने वाली अपनी मॉ को
बॉस के डंडे से पीटकर
मौत की नींद सुला दिया।
घटना 12 अगस्त हरेली के दिन की है।
सभी लोग खेत में पूजा करने गये थे,
इसी बीच कलियुगी पुत्र ने
शराब के लिए पैसे न देने पर
अपनी मॉ को गंभीर रूप से घायल कर दिया।
इलाज के लिए भरती की गई माँ
इन्द्रोतिन बाई नुरेटी ने दम तोड़ दिया।
पुलिस ने आरोपी बेटे को
अपनी गिरफ्त में ले लिया।
गजाधर! आप मॉ की हत्या करने वाले
ऐसे शराबी बेटे पर क्या कहेंगे?''
गजाधर क्रोध कर, बोले-''बानी!
इस कलियुगी बेटे जी को या तो
आजन्म कारावास होगा, या वे फांसी चढ़ेंगे।
हम तो आज यहीं कहते है भाई! सुनिए-
''जिसने मात-पिता को माना,
उसने धरम-करम को जाना।''
(सोमवार 17 अगस्त 2026)

गिरीश बख्शी

जनमंच

टी.वी. रिपोर्ट

इस सत्र में संसद को विपक्ष ने मछली बाजार बना दिया. ''केवल आरोप लगाऊंगा, जवाब नहीं सुनूंगा'' वाह! सरकार तो विपक्ष के हर सवाल का जवाब देने के लिए तैयार थी विपक्ष के इस हठ पूर्ण रवैया से संसद का काम ठप हो जाने के कारण देश को केवल 13 दिनों में 117 करोड़ का नुकसान हुआ। यह देश के नागरिकों के पसीने की कमाई थी. इस नुकसान के लिए पूरा विपक्ष जिम्मेदार है। इसलिए इस नुकसान की भरपाई विपक्ष के सांसदों के वेतन भत्ते में से काट लेना चाहिए। साथ ही 13 दिन काम नहीं करने के कारण इन सांसदों के 13 दिनों का वेतन, भत्ता भी वसूल करना चाहिए। सांसद भी जनता के वेतन भोगी कर्मचारी हैं, जनता के मालिक नहीं। यह दंड जनता की मांग है।

मुरलीधर हरिहारणो, राजनांदगांव

राशिफल

मेष

आज कोई खास उपलब्धि मिल सकती है। काम ज्यादा रहेगा और इसके कारण थकान भी हो सकती है, लेकिन मुश्किल परिस्थितियों में भी आपका आत्मविश्वास बना रहेगा। चुनौतियों से पीछे हटने के बजाय उनका सामना करने की कोशिश करेंगे। पैसों से जुड़ी स्थिति को बेहतर और मजबूत करने पर भी आपका ध्यान रहेगा।

वृष राशि

अनुभवी लोगों से मिलने और बातचीत करने का मौका मिलेगा। उनके अनुभव से आपको कई नई बातें सीखने को मिल सकती हैं। मन खुश रहेगा और तनाव कम महसूस होगा। इससे परिवार, काम और दूसरी जिम्मेदारियों में बेहतर तरीके से योगदान दे पाएंगे। आपका आत्मविश्वास और काम करने का तरीका मजबूत रहेगा।

मिथुन

पैसों या निवेश से जुड़ा कोई फैसला अच्छे नतीजे दे सकता है। हालांकि वास्तविक निवेश से पहले अपनी आर्थिक स्थिति, जोखिम और शर्तें जरूर जांचें। काफी समय से जिस अच्छी खबर का इंतजार कर रहे थे, वह मिल सकती है और इससे राहत महसूस होगी। उनकी सलाह को गंभीरता से लेना आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

कर्क

करीबी रिश्तेदारों के साथ अच्छा और मस्ती भरा समय बीतेगा। लंबे समय से चल रही चिंता का समाधान मिलने से राहत महसूस होगी। किसी खास व्यक्ति से ऐसा संपर्क बन सकता है जो आगे आपके लिए फायदेमंद रहे। अपनी सोच और रोजमर्रा की दिनचर्या में जो बदलाव करना चाहते थे, उसमें सफलता मिल सकती है।

सिंह

परिस्थितियां आपके पक्ष में रहेंगी। आपका संतुलित व्यवहार और सही समय पर लिया गया फैसला आगे बढ़ने में मदद करेगा। किसी काम में आपकी समझदारी अच्छे नतीजे दिला सकती है। लंबे समय बाद करीबी रिश्तेदारों के घर आने से उत्सव जैसा माहौल बनेगा। परिवार के साथ समय बिताने का अच्छा मौका मिलेगा।

कन्या

आज आत्मविश्वास मजबूत रहेगा। अपनी महत्वपूर्ण योजनाओं को शुरू करने और उन पर काम आगे बढ़ाने का अच्छा समय है। घर के सदस्यों से बातचीत करके किसी समस्या का सही समाधान मिल सकता है। परिवार के साथ विचार साझा करने से मन भी हल्का होगा। महत्वपूर्ण फैसले अकेले लेने के बजाय भरोसेमंद लोगों की राय भी सुनें।

तुला

रिश्तों में चल रहे मनमुटाव को दूर करने का अच्छा समय है। अपनी भावनाओं को संभालकर बातचीत करेंगे तो पुरानी गलतफहमी खत्म हो सकती है। विद्यार्थी और युवा किसी प्रतियोगिता या प्रतिस्पर्धा में अच्छा नतीजा हासिल कर सकते हैं। आत्मविश्वास बनाए रखना जरूरी होगा। मेहनत और सही तैयारी से उपलब्धि मिलने की संभावना मजबूत रहेगी।

वृश्चिक

किसी प्रभावशाली व्यक्ति की मदद से नई संभावनाएं सामने आ सकती हैं। कुछ लोग आपके काम में रुकावट डालने की कोशिश कर सकते हैं, लेकिन उनका ज्यादा असर नहीं होगा अगर आप अपने लक्ष्य पर ध्यान बनाए रखें। लगातार कोशिश करने से सफलता मिलने के संकेत हैं। व्यक्तिगत और सामाजिक कामों में भी व्यस्तता रहेगी।

धनु

घर में करीबी रिश्तेदारों के आने से खुशनुमा माहौल रहेगा। परिवार के साथ बातचीत और हंसी-मजाक में अच्छा समय बीतेगा। आपके दिमाग में घर और कारोबार दोनों से जुड़ी नई योजनाएं आएंगी। इनमें से उपयोगी योजनाओं पर काम शुरू करना फायदेमंद हो सकता है। केवल सोचते रहने के बजाय जरूरी तैयारी के साथ आगे बढ़ें।

मकर

जिन योजनाओं को पिछले कुछ समय से पूरा करने की कोशिश कर रहे थे, अब उन पर काम आगे बढ़ाने का अच्छा समय है। समय को सही तरीके से बांटकर मेहनत करेंगे तो योजना लागू हो सकती है। प्रॉपर्टी से जुड़े कामों में अच्छे नतीजे मिलने के संकेत हैं। खरीद-बिक्री या दूसरे कागजी मामलों में जरूरी जांच पूरी रखें।

कुंभ

दिन काफी व्यस्त रहेगा, लेकिन मेहनत के अच्छे नतीजे मिलने से संतुष्टि भी रहेगी। किसी कार्यक्रम या समारोह में शामिल होने का निमंत्रण मिल सकता है। लोगों से मेलजोल और बातचीत से अच्छा महसूस होगा। नेगेटिव- जल्दबाजी या भावनाओं में बहकर तुरंत कोई बड़ा फैसला न लें। ऐसा करने से गलती होने की संभावना बढ़ सकती है।

मीन

महत्वपूर्ण काम निपटाने के लिए दिन अच्छा रहेगा। मेहनत के मुताबिक अच्छे नतीजे मिलने की संभावना है। संतान से जुड़ी कोई अच्छी खबर मिलने से घर का माहौल खुशनुमा होगा। अविवाहित लोगों के लिए कोई रिश्ता आने की संभावना है। परिवार में भविष्य से जुड़ी सकारात्मक बातचीत हो सकती है। जरूरी कामों को प्राथमिकता देंगे।

पहला कॉलम...

धूमधाम से मनाया 80वां स्वतंत्रता दिवस महोत्सव

डोंगरगांव (दावा)। अंचल में 80वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी वर्ग के लोगों ने बड़े ही उत्साह और देश भक्ति की भावना के साथ स्वतंत्रा का उत्सव मनाया। इस अवसर पर जहां हर घर तिरंगा अभियान से के तहत शहर-शहर और गांव-गांव के घरों में राष्ट्रीय ध्वज लगाया गया। वहीं स्वतंत्रता दिवस को सभी शासकीय कार्यालयों सहित चौक चौराहे में ध्वजारोहण किया गया। इस बार सबसे खास बात यह रही कि राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम को ससम्मानपूर्ण गायन किया गया।

स्वतंत्रता दिवस पर प्रतिभाशाली बच्चे हुए सम्मानित

डोंगरगांव (दावा)। ग्राम मोहड़ में ग्राम पंचायत परिसर में सरपंच भूषण देवांगन के द्वारा ध्वजा रोहण किया गया। वहीं संस्कृति कार्यक्रम के दौरान बच्चों के द्वारा देशभक्ति गीत में अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया। इस गरिमामय कार्यक्रम में उप-सरपंच अंकुश देवांगन, ग्राम पटेल शंकरलाल देवांगन, ग्राम प्रमुख भैयालाल देवांगन, आनन्दराम, सेवाराम, श्याम लाल, धनसिंग राना, गोपाल देवांगन, बिरसिंग देवांगन सहित समस्त पंचगण के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

दूसरे श्रावण मास में बोलबम कांवर यात्रा, बड़ी संख्या में ग्रामीण हुए शामिल

डोंगरगांव (दावा)। श्रावण मास के पावन अवसर पर दूसरे सावन 10 अगस्त 2026 सोमवार के उपलक्ष्य में बोल बम कांवर यात्रा ग्रुप घुपसाल के द्वारा दूसरे साल माँ दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण से पूजा करके पवित्र जल लेकर सैकड़ों महिला, पुरुष, बच्चें और युवा कांवर यात्री मोक्षधाम सांकरदहरा बोम बम की नारा एवं शिव भजन से साथ विभिन्न मार्ग से होकर कांवर ध्वजा लेकर शिव की नगरी पहुंचे। इस दौरान जगह-जगह मार्ग में शिव भक्तों की स्वागत व फल-जलपान की व्यवस्ता की गई थी। शिव भक्त सांकरादहरा पहुंच कर सभी देवी देवता की पूजा अर्चना करके गांव व देश की खुशहाली की मंगलकामना करके पवित्र जल महादेव को अर्पण किया। यात्रा में मुख्य सहयोग बलराम कुमार श्रीवास व्याख्याता हायर सेकंडरी स्कूल बेलरगोंदी, डुमेश साहू, रामकुमार विश्वकर्मा, पूरन टांडेकर, रामचरण कल्याण, देवकुमार, नेहा ठाकुर, अनीता, मोहनी, संगीता, सुरेश, विमला, सांता, शशी, वेदवती, वासनी, खेमीन, अमोलाबाई का सहयोग रहा।

प्रेस क्लब में स्वतंत्रता दिवस पर हुआ ध्वजारोहण

डोंगरगांव (दावा)। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर स्थानीय प्रेस क्लब भवन में हर्षोल्लास एवं धूमधाम से ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान क्लब के अध्यक्ष प्रेम गोस्वामी ने सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर माल्यार्पण तथा पूजन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पश्चात् ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद राष्ट्रगीत तथा राष्ट्रगान का गायन हुआ। इस दौरान परंपरागत उत्साह के साथ सभी ने तिरंगे को सलामी दी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पत्रकार बालकृष्ण सिन्हा, गोविन्द्र गुप्ता, घनश्याम साव, दिवाकर सोनी, टिंकू देवांगन, महेन्द्र लेंझारे, देवेन्द्र गुप्ता, टुम्मन साहू सहित डिजिटल लाइब्रेरी के स्टूडेंट्स व आसपास के नन्हें मुन्ने बच्चे उपस्थित रहे।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स का सदस्यता अभियान 18 अगस्त से, डोंगरगांव में 31 अगस्त तक होंगे पंजीयन

डोंगरगांव (दावा)। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ राजनांदगांव के अंतर्गत विकासखण्ड डोंगरगांव में नए सत्र के लिए सदस्यता अभियान 18 अगस्त से शुरू हो रहा है। विकासखण्ड क्षेत्र का कोई भी इच्छुक नागरिक 31 अगस्त 2026 तक निर्धारित शुल्क जमा कर संगठन की सदस्यता प्राप्त कर सकता है।

विकासखण्ड संघ के सचिव टोमन लाल पटेल ने बताया कि संगठन से जुड़ने के लिए साधारण और आजीवन दो श्रेणियों में सदस्यता का प्रावधान किया गया है। जिसमें साधारण सदस्यता और आजीवन सदस्यता आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर किया जा सकता है. अंतिम तिथि सदस्यता फॉर्म और निर्धारित शुल्क जमा करने के लिए विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय डोंगरगांव में व्यवस्था की गई है। इच्छुक व्यक्ति 31 अगस्त 2026 (दिन सोमवार) शाम 4 बजे तक नन्दकिशोर देवांगन के पास फॉर्म व शुल्क जमा किया जा सकता हैं। अधिक जानकारी अथवा मार्गदर्शन के लिए सीधे विकासखण्ड सचिव टोमन लाल पटेल से भी जानकारी लिया जा सकता है।

गांव की महिला समूह के राशन दुकान का संचालन शहर की महिला समूह द्वारा

डोंगरगढ़/ बेलगांव(दावा)। ग्रामीण क्षेत्र में संचालित राशन दुकान का संचालन ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत महिला समूह के स्थान पर शहर की महिला समूह से कराया जा रहा है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर की महिला समूह को क्षेत्र के भाजपा नेताओं का पूर्ण समर्थन मिला हुआ है। वही दूसरी ओर इससे संबंधित कोई भी जानकारी मांगने पर फूड इंस्पेक्टर सुरेश वैध द्वारा एसडीएम से बात करने की सलाह दी जा रही है।

बेलगांव की महिला समूह की ओर से बताया गया कि, शासन के स्पष्ट आदेश के अनुसार ग्राम पंचायत बेलगांव की श्री साई महिला स्व-सहायता समूह को बीते करीब तीन माह से पहले 1अप्रेल 2026 से छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2016 की कंडीका 9 के अंतर्गत पात्र एजेंसी महिला समूह बेलगांव को शासकीय उचित मूल्य कि दुकान बेलगांव आईडी 422004069 को खाद्यान वितरण के लिए शासन द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। उसके बावजूद अभी तक बेलगांव की महिला समूह को वास्तविक प्रभार नही दिया जा रहा है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ के वर्तमान मे माँ शारदा महिला बहुदेश्य सहकारी समिति मर्यादित द्वारा अब भी दुकान पर कब्जा जमाये हुए है। जिसमें डोंगरगढ़ और बेलगांव के भाजपा के कुछ बड़े नेताओं का दबाव होने का खबर मिल रहा है। जो अपने पावर का गलत दुरूपयोग कर गांव की गरीब महिलाओ के समूह पर डाका डाल रहा है।

शहर की महिला समूह को क्षेत्र के भाजपा नेताओं का मिला संरक्षण

अधिकार नहीं मिला तो आंदोलन करने मजबूर होंगी महिला समूह

इस पूरे मामले कि लिखित शिकायत अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ को भी दी जा चुकी है। महिलाओ का आरोप है कि खाद निरीक्षक द्वारा भी कई बार संबंधित पक्ष को शासन के आदेश का पालन करते हुए राशन दुकान का विधिवत सुपुर्दनामा करने के निर्देश दिये गये । लेकिन बड़े बड़े भाजपा नेताओं के दबाव के आगे निर्देशों का पालन नही हो पा रहा है।

बेलगांव के महिला स्व सहायता समूह ने प्रशासन से मांग मांग कि है कि शासन के आदेश का डोंगरगढ़ विकाशखंड के चार जगहों मे ठाकुरटोला (को), पनियाजोब, दंतेश्वरी पारा, रजा नगर के राशन दुकान का संचालन भी उसी समय बदल दिया गया है। जिसका बिना कोई हस्तक्षेप राशन दुकान का संचालन सुचारु रूप से चल रहा है। इसी प्रकार बेलगांव के राशन दुकान का किसी बिना राजनीतिक दबाव के आदेश का तत्काल पालन कराते हुए राशन दुकान का प्रभार गांव के गरीब महिला समूह को सौपा जाये। समूह के महिलाओ का कहना है कि यदि जल्द कार्यवाही नहीं हुई तो वे लोग लोकतान्त्रिक तरीके से आंदोलन करने को विवश होंगे। यह मामला अब केवल एक राशन दुकान के हस्तांतरण का नहीं बल्कि शासन के आदेशो कि पालन गांव के महिला स्व सहायता समूह के अधिकारों और प्रशासनिक जवाबदारी का प्रश्न बन गया है। अब देखना होगा कि सम्बन्धित अधिकारी आदेशो का पालन करते है या फिर सत्ता मे बैठे कुछ नेताओं के दबाव मे आते है।

सीएम हेल्पलाइन से लेकर डॉ. रमन सहित जिले के सभी वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों से गुहार लगा चुके हैं

बेलगांव की महिला समूह की महिलाओ ने हमारे संवाददाता को बताया की आदेश कॉपी की छायाप्रति को लेकर विधान सभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह, डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल , सीएम हेल्प लाइन, जिला कलेक्टर से लेकर सहकारी कार्यलयों तक का चक्कर लगा चुके है । जहा भी गये सिर्फ आश्वासन हि मिला । अभी तक कोई कार्यवाही नही हो पाई है । आदेश जारी होने बाद दुकान का सुपुर्दनामा नही होने से प्रशासनिक कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे है । महिला समूह ने इसे शासन के आदेशो की खुली अवहेलना बताते हुए तत्काल कार्यवाही की मांग की है । महिला समूह का कहना है कि शासन द्वारा राशन दुकान का आबंटन उनके नाम पर विधिवत किया जा चुका है । कई बार गरीब महिलाओ के आग्रह औ निर्देशों के बावजूद दुकान का प्रभार नही सौपा जा रहा है । जिससे समूह कि महिलाओ को आर्थिक नुकसान के साथ मानसिक प्रताड़ना भी झेलनी पड़ रही है । समूह के महिलाओ का आरोप है कि जब वे शासन के आदेशो का हवाला देकर दुकान का प्रभार मांगती है तो सम्बन्धित समिति से जुड़े कुछ लोग विवाद और तनाव का माहौल बनाने का प्रयास कर रहे है ।

ग्रामीणों ने जेन जी को आगे कर आंदोलन की बनाई रणनीति

डोंगरगढ़ (दावा)। विकासखंड के वनांचल ग्राम तोतलभरी की प्राथमिक शाला में भवन और शिक्षकों की कमी को लेकर ग्रामीणों द्वारा किए जाने वाले तालाबंदी का असर देखने को मिला। जानकारी मिलते ही शिक्षा विभाग सक्रिय हुआ और संकुल प्राचार्य श्रीमती अपर्णा जाँभुलकर एवं संकुल समन्वयक ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों तथा स्कूल से जुड़े लोगों से चर्चा की। विभाग की ओर से एक सप्ताह के भीतर शिक्षक की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया गया है।

ग्रामीणों के अनुसार ग्राम तोतलभरी की प्राथमिक शाला का पुराना भवन जर्जर होने के कारण डिस्मेंटल किया जा चुका है। नए भवन की स्वीकृति अब तक नहीं होने से स्कूल का संचालन वर्तमान में सामुदायिक भवन में किया जा रहा है। स्कूल में कक्षा पहली से पांचवीं तक करीब 70 बच्चे अध्ययनरत हैं जबकि पांचों कक्षाओं की जिम्मेदारी फिलहाल एक शिक्षक शिवराम वर्मा के भरोसे है।ग्रामीणों की मांग और पूर्व में दी गई आंदोलन की चेतावनी के बाद संकुल प्राचार्य श्रीमती अपर्णा जाँभुलकर एवं संकुल समन्वयक महेंद्र कंवर गांव पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा कर शिक्षक की कमी दूर करने के लिए एक सप्ताह के भीतर व्यवस्था किए जाने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने भी विभाग के आश्वासन के बाद तत्काल 15 अगस्त को ग्रामीणों ने तालाबंदी नहीं करने पर सहमति जताई है।

भवन को लेकर एक माह की मोहलत बैठक में ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि स्कूल भवन की समस्या का समाधान भी जल्द होना चाहिए। ग्रामीणों ने कहा कि यदि एक माह के भीतर भवन की स्थिति को लेकर ठोस पहल नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने खैरागढ़-डोंगरगढ़ मार्ग पर बच्चों एवं ग्रामीणों के साथ चक्काजाम करने तथा स्कूल में तालाबंदी की चेतावनी दी है। ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षक की व्यवस्था केवल अस्थायी समाधान है। बच्चों के लिए सुरक्षित और स्थायी स्कूल भवन भी जरूरी है। पांच कक्षाओं के करीब 70 बच्चों की पढ़ाई एक शिक्षक के भरोसे चलना गंभीर स्थिति है। ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग से भवन निर्माण की स्वीकृति और पर्याप्त शिक्षकों की स्थायी व्यवस्था की मांग की है। बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि विकासखंड के कई गांवों की पाठशालाओं में भी भवन और शिक्षकों की कमी जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। विभाग को केवल तोतलभरी ही नहीं बल्कि ऐसे सभी स्कूलों की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक व्यवस्था करनी चाहिए ताकि ग्रामीण अंचल के बच्चों की शिक्षा प्रभावित न हो।

बैठक में एसएमसी अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा, तेजराम छेदैया, टिकेश्वर नेताम, दिनेश कुमार मंड़ावी, हेमंत यादव, गौतम नेताम, प्रकाश कुंजाम शिक्षक शिवराम वर्मा तथा ग्राम पंचायत तोतलभरी के सचिव बालाराम वर्मा मौजूद रहे। ग्रामीणों ने कहा कि विभाग द्वारा दिए गए आश्वासन का वे इंतजार करेंगे लेकिन निर्धारित समय में शिक्षक और भवन की समस्या पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।

बारिश से भरे गड्ढे में नहाने उतरे भाई-बहन, डूबने से मौत

अंबागढ़ चौकी/औंधी (दावा)। लगातार हो रही बारिश के चलते डाबरी नुमा बने गड्ढे में पानी भर गया था। इसी दौरान एक ही परिवार के मासूम भाई-बहन नहाने के लिए पानी में कूद पड़े। नहाते समय दोनों अधिक गहराई वाली जगह पर चले गए और पानी में डूबने से उनकी मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने दोनों बच्चों की तलाश शुरू की। काफी मशक्कत के बाद दोनों के शव पानी से बरामद किए गए। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मासूम भाई-बहन की असमय मौत से परिवार में मातम पसरा हुआ है। हादसे ने क्षेत्र के लोगों को झकझोर कर रख दिया है।

आसरा में 80 वें स्वतंत्रता दिवस पर्व मना हर्षोल्लास से

डोंगरगांव (दावा)। जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम आसरा में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत आसरा के सरपंच शरद कुमार वैष्णव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने पंचायत प्रांगण में ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात प्रभात फेरी, राष्ट्रगान एवं विभिन्न देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर स्वर्गीय लक्ष्मणदास वैष्णव की स्मृति में प्रतिभा सम्मान के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला आसरा की कक्षा 10वीं एवं 12वीं में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को कुल नगद राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई। यह सम्मान स्वर्गीय श्री वैष्णव के पौत्र अतुल वैष्णव के सहयोग से प्रदान किया गया। सरपंच ने इस प्रेरणादायी पहल के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर समारोह में प्राथमिक शाला के विद्यार्थियों को विगत वर्षों से निःशुल्क शिक्षा प्रदान कर रहे भानु साहू का भी विशेष सम्मान एवं आभार व्यक्त किया गया। सरपंच श्री वैष्णव ने उनके निःस्वार्थ सेवाभाव की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देना समाज के लिए अनुकरणीय एवं प्रेरणादायी कार्य है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शाला विकास समिति अध्यक्ष कमलेश्वर उइके, ठेकराम जमुनकर, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष टीकम साहू, पवन यादव, टेकराम विश्वकर्मा एवं मुकेश साहू सहित ग्राम पंचायत के समस्त पदाधिकारी, शिक्षकगण, वरिष्ठ नागरिक, बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

कोटरासरार में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस

डोंगरगांव (दावा)। ग्राम पंचायत कोटरासरार में हर्षोल्लास से स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस गरिमामय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच धनेश्वरी सिंह सहित उपसरपंच गौतम साहू, चंद्रहास सिन्हा, गगन निषाद, डिकेशवरी साहू, विनोद कुमार साहू, किशोर कुमार साहू, डामीन साहू, जंत्री साहू, रुकमणि साहू, पूर्व सरपंच जनक सिंह, बलिराम साहू, श्री कुमार साहू, सबील साहू प्रधान पाठक सनत कुमार साकरे, गोदावरी शर्मा एवं समस्त शिक्षकगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। स्वतंत्रता दिवस पर स्कूली बच्चों की शतप्रतिशत उपस्थिति रही और बड़े ही उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

पेंशनर्स संघ ने स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया

छुईखदान (दावा)। पेंशनर्स संघ छुईखदान ने स्वतंत्रता दिवस समारोह 2026 धूमधाम से मनाया, इस अवसर पर पेंशनर्स संघ के अध्यक्ष लाल जे.के. वैष्णव ने विधिवत पूजा करते हुए ध्वजारोहण किया, तत्पश्चात सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया गया।

स्वतंत्रता दिवस समारोह ध्वजारोहण अवसर पर पेंशनर्स संघ के सुरेश महोबिया, बाबुलाल विश्वकर्मा, मयाराम साहु, डॉ. नंदकिशोर भट्ट, श्रीमती मिथिला महोबिया, गौकरण रजक, मानिक श्रीवास, गणेश महोबिया, रामविलास टाण्डेकर, पी.एल.सिन्हा, जितेन्द्र सिंह चौहान, खेमलाल चन्देल, रामखिलावनवर्मा, श्यामबिहारी भट्ट, झामन यादव, प्रेम पण्डुप चन्द्राकर, लतेलराम धुर्वे, रामकृष्ण देशमुख, रामकुमार भट्ट, लल्ला जितेन्द्र किशोर वैष्णव, पीलाराम चन्देल, राधेश्याम महोबिया, सुभाष महोबिया, जगदीश देशमुख, लक्ष्मीनारायण यादव सहित बड़ी संख्या में पेंशनर्स सदस्य उपस्थित रहे। वरिष्ठ सदस्य रामकुमार भट्ट शिक्षक 81 वर्ष का संगठन में सक्रियता पर पेंशनर्स संघ अध्यक्ष लाल जे के वैष्णव ने सम्मानित किया। स्वतंत्रता दिवस समारोह में देश की आजादी में वीर शहीदों को नमन श्रद्धांजलि देते हुए पेंशनर्स संघ के दिवंगत सदस्य श्रीमती रामदुलारी मिश्रा, जनार्दन वासनिक,धरमदास जांगड़े, डॉ. सुखनंदन सिंह, हरिनारायण बक्शी को श्रद्धांजलि दी गई। उक्त जानकारी सचिव सतीश श्रीवास्तव ने प्रदान किया।

कल्लूबंजारी में शान से लहराया तिरंगा

कल्लूबंजारी (दावा)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष 15 अगस्त को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला प्रांगण कल्लूबंजारी में स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साह पूर्वक धूमधाम से मनाया गया।इस अवसर पर प्रतिभावान छात्रों एवं उत्कृष्ट शिक्षक को प्रभावशाली कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि सरपंच चित्रा कोर्राम थे, अध्यक्षता शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष रामेश्वरी मंडावी ने किया।विशेष अतिथि ग्रामपटेल राजकुमार पटेल, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष कामता प्रसाद पटेल, उपसरपंच सुशील कुमार कंवर, पूर्व जनपद सदस्य पुष्पा सिन्हा,शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के उपाध्यक्ष नंदकुमार पटेल,संकुल प्राचार्य गौतरहीन कुंजाम एवं समस्त पंचगण थे। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित शहीद वीर सपूतों के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना के साथ हुआ। ध्वजारोहण सरपंच चित्रा कोर्राम ने किया।

इस अवसर पर उत्कृष्ट शिक्षक दिनेश कुमार कुरेटी द्वारा द्वारा प्रदत्त स्मृति चिन्ह एवं नगद राशि प्रदान कर तथा बैच व पुष्प माला पहनाकर आठवीं कक्षा में प्रथम स्थान के लिए उरांसी कंवर एवं ललेश्वर कुमार ताम्रकार ,द्वितीय स्थान के लिए गुंजन कुमार खिलोरिया तथा पांचवी में प्रथम स्थान के साथ नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ के लिए चयनित होने पर डिकाश कुमार कोमरे को प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया तथा कार्यक्रम के सफल संयोजन के साथ मौलिक राष्ट्रभक्ति गीत की शानदार प्रस्तुति के लिए शिक्षक दिनेश कुमार कुरेटी का पुष्पमाला पहनाकर एवं लेखनी भेंटकर सरपंच प्रतिनिधि विष्णु कोर्राम एवं उपसरपंच सुशील कुमार कंवर द्वारा सम्मानित किया गया।

0 प्रतिभावान छात्रों एवं उत्कृष्ट शिक्षक का किया गया सम्मान
0 बरसते पानी ने नहीं रोक पाया बच्चों एवं ग्रामीणों का उत्साह

वक्ताओं ने कहा कि लाखों देशभक्तों के बलिदान के बाद यह आजादी हमें मिली है। इस आजादी को बचाय रखना हम सभी भारतीयों की जिम्मेदारी है। शिक्षा के गुणवत्ता को बनाये रखने के लिए शिक्षक,पालक एवं बालक को मिलकर काम करने की जरूरत है। शिक्षा के बिना विकास की कल्पना नहीं की जा सकती।सरपंच चित्रा कोर्राम ने अगले सत्र तक कलामंच में छत निर्माण करने, प्रार्थना शेड बनाने, अहाता का ऊंचाई बढ़ाने, प्रवेश द्वार को बड़ा करने, शाला प्रांगण में चेक स्टोन लगाने हेतु कोशिश करने की घोषणा की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शिक्षक दिनेश कुमार कुरेटी, अखिलेश्वर सिंह ठाकुर, सुषमा नेताम, चुम्मन लाल भुआर्य एवं रोमन कुमार साहू सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं बच्चों का खास योगदान रहा। पूर्व में शोभराय कार्ते एवं चुम्मन लाल भुआर्य के मार्गदर्शन में बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली।उदघाटन भाषण प्रधानपाठक जाकेश साहू, प्रभावशाली संचालन एवं आभार प्रदर्शन दिनेश कुरेटी दिलेर ने किया।

इस अवसर पर बाबूलाल पटेल, रामाधीन कोमरे, टोमन ठाकुर, दिलहरण पटेल, पंचगण, सचिव कांशीराम साहू, व्याख्याता केशरी टेमरे, प्रधानपाठक द्वय उमेन्दसिंह मंडावी एवं जाकेश साहू, शिक्षक गण तिलक राम बढ़ई, शोभराय कार्ते, अखिलेश्वर सिंह ठाकुर, सुषमा नेताम, गीता कन्नौजे, चुम्मन लाल भुआर्य, जगन्नाथ नेताम, चन्द्रकुमार उइके, रोमन कुमार साहू, चांदनी कंवर, टुविंटल ध्रुर्वे, रूपाली सिन्हा आदि सहित शासकीय प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कल्लूबंजारी के छात्र-छात्राएं एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

हायर सेकेंडरी स्कूल बीजाभांठा में मना स्वतंत्रता दिवस

डोंगरगांव (दावा)। स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर हायर सेकेंडरी स्कूल बीजाभांठा में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल एवं नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष डोंगरगांव महेश्वर साहू के हाथों प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच बसंती कुलदीप, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष खुमान साहू, प्रभारी प्राचार्य के. के. साहू, भागवत साहू, अर्जुन साहू, डोमन साहू, योगेश साहू सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित रहे।

साल्हेवारा वन परिक्षेत्र कार्यालय में गरिमामय माहौल में हुआ ध्वजारोहण

साल्हेवारा (दावा)। ग्राम पंचायत साल्हेवारा स्थित वन परिक्षेत्र कार्यालय में राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर गरिमामय ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सलामी दी गई और राष्ट्रगान का गायन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रेंजर गौतम मंडावी, रेंजर दिलीप बंजारे, विश्राम मंडावी, के. एल. वर्मा एवं तिवारी बाबू विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने उपस्थित जनों को राष्ट्रीय पर्व की शुभकामनाएं देते हुए पर्यावरण व वन संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर वन विभाग के समस्त कर्मचारी, अधिकारी एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायत साल्हेवारा में हर्षोल्लास के साथ हुआ ध्वजारोहण

साल्हेवारा (दावा)। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर ग्राम पंचायत साल्हेवारा में गरिमामय ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराकर राष्ट्रगान का गायन किया गया एवं भारत माता के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। समारोह में मुख्य रूप से ग्राम पंचायत के सरपंच दशरथ पटेल, उपसरपंच मनोज अग्रवाल, पंचायत सचिव कृष्णा सोनी एवं मेलाराम वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने ग्रामीणों को राष्ट्रीय पर्व की बधाई देते हुए गाँव के विकास और एकजुटता का संदेश दिया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सभी पंचगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

संजय खाण्डेकर एवं धन्नुलाल महोबिया सहित 10 शिक्षक हुए सेवानिवृत्ति

विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीनिवास मिश्रा द्वारा शिक्षकों का किया गया सम्मान

डोंगरगढ़ (दावा)। विकास खंड शिक्षा कार्यालय डोंगरगढ़ अंतर्गत वर्ष 2025-26 में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों का सम्मान स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर किया गया।

विकासखंड शिक्षा कार्यालय में विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीनिवास मिश्रा एवं सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती बिरेन्द्र कौर गरचा, नितिन हिरवानी द्वारा जिन सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान किया गया उसमें राधेश्याम दम्बोडे प्र.पा. बिल्हरी दिनेश कुमार देवांगन उ.श्रे.शिक्षक खुडमुडी, श्रीमती सुप्रिया बख्शी प्र. पा. बरनाराकला, संजय कुमार खाण्डेकर प्र.पा. छोटे मुडपार, श्रीमती जमुना मंडामे प्र.पा. कलकसा, धन्नुलाल महोबिया प्र.पा. छीपा, उमाकुमार सिन्हा प्र.पा. भेलवाटोला, श्रीमती कचरा बाई मण्डावी प्र.पा. चौथना, मिलेश्वर सिंह कामडी, राजकुमार वल्लभ प्र.पा. चारभाठा शामिल है। संजय खाण्डेकर एवं धन्नुलाल महोबिया सहित 10 सेवानिवृत शिक्षकों को विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीनिवास मिश्रा एवं सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती बिरेन्द्र कौर गरचा द्वारा उपहार, शाल एवं श्रीफल प्रदान कर उनका अभिनन्दन किया गया एवं उन्हें उनके स्वस्थ जीवन की शुभकामाना दी गई।

अग्रवाल महिला मंडल ने हर्षोल्लास से मनाया तीज उत्सव

राज्य स्तरीय चेस में सिल्वर मेडल जीतने वाले मास्टर अवयन का हुआ सम्मान

राजनांदगांव (दावा)। अग्रवाल महिला मंडल राजनांदगांव द्वारा सावन के पावन अवसर पर तीज उत्सव एवं सिंधारा उत्सव का आयोजन अग्रसेन भवन में बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में समाज की महिलाओं एवं युवतियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। पारंपरिक वेशभूषा, नृत्य, मनोरंजक खेलों और विभिन्न प्रतियोगिताओं ने पूरे आयोजन को उत्सवमय बना दिया।

कार्यक्रम के दौरान नई विवाहित एवं नवयुवतियों का सिंधारा उत्सव मनाया गया। महिलाओं ने एक-दूसरे को तीज की शुभकामनाएं देते हुए मेहंदी, श्रृंगार और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ सावन और तीज की खुशियां साझा कीं। आयोजन में महिलाओं एवं युवतियों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। उत्सव में प्रश्नोत्तरी राउंड का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इसके अलावा झाऊजी गेम का आयोजन भी किया गया, जिसका महिलाओं ने जमकर आनंद लिया। पूरे कार्यक्रम में हंसी-खुशी और उत्साह का माहौल बना रहा। कार्यक्रम के दौरान मास्टर अवयन को राज्य स्तरीय चेस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल प्राप्त करने पर अग्रवाल महिला मंडल द्वारा सम्मानित किया गया। महिला मंडल की सदस्यों ने उनकी उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कहा गया कि खेल के क्षेत्र में बच्चों और युवाओं की उपलब्धियां पूरे समाज के लिए गौरव का विषय हैं तथा ऐसी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में महिलाओं ने तीज के पारंपरिक महत्व को जीवंत करते हुए सावन के गीत, नृत्य और मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से उत्सव का आनंद लिया। आयोजन में राजस्थानी थीम और पारंपरिक परिधानों को भी विशेष महत्व दिया गया। अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती संतोष अग्रवाल, सचिव श्रीमती सुषमा अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष श्रीमती सारिका अग्रवाल सहित महिला मंडल की सदस्याओं ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं एवं युवतियां उपस्थित रहीं। अग्रवाल महिला मंडल की ओर से कहा गया कि ऐसे आयोजन महिलाओं को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने के साथ-साथ आपसी मेलजोल एवं सामाजिक एकजुटता को भी मजबूत करते हैं।

उत्कृष्ट कार्य हेतु डॉ. रमन सिंह द्वारा सम्मानित हुई सृष्टि महोबिया

राजनांदगांव (दावा)। स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर जिला कलेक्टोरेट परिसर स्थित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, राजनांदगांव में पदस्थ एमआईएस प्रशासक श्रीमती सृष्टि महोबिया को उत्कृष्ट कार्य के लिए छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा सम्मानित किया गया।

श्रीमती सृष्टि महोबिया, सोहन लाल महोबिया एवं स्वर्गीय श्रीमती सुनीता महोबिया की सुपुत्री हैं। उन्हें यह सम्मान विभागीय राज्य एवं जिला स्तर पर विभिन्न ऑनलाइन कार्यों एवं महत्वपूर्ण जानकारियों को निर्धारित समय-सीमा से पूर्व पूर्ण करने तथा अपने दायित्वों के कुशल निर्वहन के लिए प्रदान किया गया। श्रीमती महोबिया द्वारा विभागीय कार्यों में सक्रियता, तत्परता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए ऑनलाइन प्रक्रियाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया है। उनके उत्कृष्ट कार्य एवं समर्पण को देखते हुए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि श्रीमती सृष्टि महोबिया छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध लोककायक व गीतकार कांतिकार्तिक यादव की धर्मपत्नी हैं। वे अपने कार्यालयीन दायित्वों के साथ-साथ पारिवारिक एवं कला के क्षेत्र में भी कांतिकार्तिक यादव को निरंतर प्रोत्साहन एवं सहयोग प्रदान करती हैं। उत्कृष्ट कार्य के लिए विभागीय सम्मान प्राप्त होने पर जिला कलेक्टर जितेन्द्र यादव एवं जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास कुमार सिंह बघेल ने श्रीमती सृष्टि महोबिया को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

पाण्डुका के प्राथमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण

जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा - शिक्षा के लिए बेहतर अधोसंरचना हमारी प्राथमिकता

छुरिया (दावा)। विकासखंड छुरिया के शासकीय प्राथमिक शाला पाण्डुका में निर्मित अतिरिक्त कक्ष निर्माण का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत राजनांदगांव की अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत छुरिया के अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने की।

कार्यक्रम में जिला पंचायत राजनांदगांव के सभापति गोपाल भुआर्य, जनपद पंचायत छुरिया सभापति श्रीमती भेषबाई साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, भाजपा मंडल छुरिया उपाध्यक्ष नैनसिह पटेल, श्रीमती रजवंती बाई उपाध्यक्ष महिला मोर्चा, सरपंच तीर्थदास साहू, सचिव श्री ललित कुमार बखरे, उपसरपंच भानुप्रताप नेताम, ओमप्रकाश साहू, अदिति राम साहू, गणेश साहू, महेश ठाकुर, नरसिंह साहू, कुमेश साहू,माधोदास समेत पंचगण एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

शिक्षा के लिए सुविधाएं बढ़ाना जरूरी—किरण रविन्द्र वैष्णव

मुख्य अतिथि श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बेहतर शैक्षणिक वातावरण और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण विद्यार्थियों के लिए उपयोगी साबित होगा और इससे अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था और बेहतर होगी।उन्होंने कहा कि गांवों के विकास की वास्तविक तस्वीर तभी मजबूत होगी, जब शिक्षा और मूलभूत सुविधाओं का लगातार विस्तार हो।

जिला पंचायत क्षेत्र में आवश्यकतानुसार विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने विद्यालय परिवार एवं ग्रामवासियों को अतिरिक्त कक्ष की सौगात के लिए शुभकामनाएं दीं।

विद्यालयों का विकास बच्चों के भविष्य में निवेश - संजय सिन्हा

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने कहा कि विद्यालय बच्चों के भविष्य निर्माण की आधारशिला हैं। विद्यार्थियों को पर्याप्त कक्ष एवं बेहतर वातावरण मिलने से उनकी पढ़ाई में सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पाण्डुका सहित जनपद क्षेत्र के गांवों में शिक्षा एवं मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने विद्यालय परिवार एवं ग्रामवासियों को बधाई देते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही कार्यक्रम को जिला पंचायत राजनांदगांव के सभापति गोपाल भुआर्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि गांवों में शिक्षा की सुविधाओं का विस्तार करना जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष बनने से विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध होगा और शिक्षकों को भी अध्यापन कार्य में सुविधा मिलेगी।उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा और बेहतर सुविधाएं देकर ही हम मजबूत एवं विकसित समाज की नींव रख सकते हैं। शासन की योजनाओं और जनप्रतिनिधियों के प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने विद्यालय में निर्मित अतिरिक्त कक्ष का विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर ग्रामीणों एवं विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल रहा।समारोह का समापन अतिथियों एवं ग्रामवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया।

आल इंडिया इंडिपेडेंस कप कराते प्रतियोगिता में मानविक सेठिया को मिली दोहरी सफलता

राजनांदगांव (दावा)। 20 वीं आल इंडिया इंडिपेंडेंस कप कराते टूर्नामेंट नई दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में अगस्त माह के द्वितीय सप्ताह में आयोजित किया गया, जिसमें राजनांदगांव अकादमी ऑफ मार्शल आर्ट्स स्कूल कस्तूरबा महिला मंडल राजनांदगांव के खिलाड़ी मास्टर मानविक सेठिया ने शानदार प्रदर्शन किया एवं कुमिते स्पर्धा में स्वर्ण पदक और काता स्पर्धा में रजत पदक जीतने में कामयाबी हासिल की। उक्त कराते चौंपियनशिप में देश भर के लगभग तीन हजार खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें मानविक ने दमदार प्रदर्शन करते हुए दोहरी सफलता अर्जित करते में सफलता प्राप्त की।

मानविक सेठिया के इस शानदार उपलब्धि पर महापौर मधुसूदन यादव, छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा, जिला कराते संघ के सचिव सिहान मुरली सिंह भारद्वाज, अंतराष्ट्रीय कराते खिलाड़ी एवं गुण्डाधुर अवॉर्डी अंबरसिंह भारद्वाज, कोषाध्यक्ष दुर्गेश त्रिवेदी सहसचिव सतीश पदम, कस्तूरबा महिला मंडल राजनांदगांव के अध्यक्षा श्रीमति शारदा तिवारी, संरक्षिका श्रीमती शीला कोठारी, अकादमी ऑफ मार्शल आर्ट्स स्कूल कस्तूरबा महिला मंडल के वरिष्ठ खिलाड़ी मोनिका पाढ़ी, दुर्गेश साहू, लोकिता साहू, अन्नपूर्णा साहू, भास्कर साहू, जयदीप सिन्हा, पूर्वील साहू दीपांशु सिन्हा एवं अकादमी के सभी सम्मानित अभिभावकों एवं सीनियर खिलाड़ियों ने मानविक के इस शानदार उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

ग्राम जंगलेसर में प्राथमिक शाला अतिरिक्त कक्ष, मंच एवं डोम शेड का लोकार्पण

राजनांदगांव (दावा)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ग्राम जंगलेसर के शासकीय विद्यालय में आयोजित समारोह में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह शामिल हुए। उन्होंने विद्यालय परिसर में अतिरिक्त कक्ष प्राथमिक शाला में नवीन मंच एवं डोम शेड का फीता काटकर उद्घाटन किया।

समारोह में उन्होंने स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक एवं देशभक्ति कार्यक्रमों का आनंद लिया। इस अवसर पर विद्यालय के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर, जिला पंचायत सभापति देवकुमारी साहू, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अनीता सिन्हा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रोहित चंद्राकर, राजनांदगांव पश्चिम मंडल अध्यक्ष मनोज साहू, मंडल उपाध्यक्ष पप्पू चंद्राकर, मंडल महामंत्री मोती देवांगन, सौरभ साहू महामंत्री भाजयुमो,वरिष्ठ कार्यकर्ता वीरेंद्र साहू, रामेश्वर चंद्राकर एवं राधेचरण साव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके अलावा ग्राम जंगलेसर की सरपंच लता देवल साहू, मंडल मीडिया प्रभारी देवल साहू, ओबीसी मोर्चा मीडिया प्रभारी लोकेश सेन, जनपद सदस्य प्रतिनिधि अभिषेक चंद्राकर, पंचायत सचिव बरातु पटेल, पंचगण विद्यालय के शिक्षकगण, विद्यार्थी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

प्रथम पृष्ठ का शेष....

नितिन नवीन की नई टीम का ऐलान....

मीडिया सह-संयोजक की जिम्मेदारी मिली है। सबसे ज्यादा प्रतिनिधित्व उत्तर प्रदेश की 3 महिलाओं का है, जबकि महाराष्ट्र की 2 और बाकी राज्यों की 1-1 महिला हैं।

0 संगठन के अनुभवी चेहरों पर भरोसा, साथ में नए प्रयोगः नई टीम में भाजपा ने लंबे संगठनात्मक अनुभव वाले नेताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी हैं। सुनील बंसल को राष्ट्रीय महामंत्री बनाया गया है। वहीं राम माधव को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। सौदान सिंह को राष्ट्रीय सह महामंत्री (संगठन) की जिम्मेदारी मिलना भी नई टीम के अहम फैसलों में शामिल है। उनके साथ शिवप्रकाश को भी इसी पद पर नियुक्त किया गया है। यानी संगठन के अनुभवी चेहरों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां देते हुए टीम में अलग-अलग क्षेत्रों और पृष्ठभूमि से आने वाले नेताओं को भी जगह दी गई है।

0 प्रोफेशनल विशेषज्ञता को भी जगहः नई राष्ट्रीय टीम में राजनीतिक और संगठनात्मक अनुभव के साथ विशेषज्ञता को भी महत्व दिया गया है। डॉ. स्वदेश सिंह को राष्ट्रीय मंत्री बनाया गया है। वहीं डॉ. मधुचंद्रा कर और प्रो. एम. नागराज को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। ससे पार्टी की राष्ट्रीय टीम में शिक्षा और विशेषज्ञता से जुड़े चेहरों को प्रतिनिधित्व देने की कोशिश दिखाई देती है।

0 2029 के लोकसभा चुनाव पर फोकसः नई टीम की संरचना को 2029 के लोकसभा चुनाव की दीर्घकालिक तैयारियों के संदर्भ में देखा जा रहा है। टीम में ऐसे नेताओं को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मिली हैं, जिनका अलग-अलग राज्यों में संगठन और चुनावी प्रबंधन का अनुभव रहा है। भाजपा की नई सूची में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर समेत कई क्षेत्रों को राष्ट्रीय संगठन में प्रतिनिधित्व मिला है।

0 सामाजिक और क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व पर जोरः नई टीम में सामाजिक और क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व भी एक महत्वपूर्ण पहलू है। आपके उपलब्ध विवरण के मुताबिक, 40 प्रतिशत से अधिक सदस्य वंचित समाज से आने वाले हैं। उत्तर प्रदेश से हरीश द्विवेदी को राष्ट्रीय महामंत्री बनाया गया है। नागालैंड से फांगनोन कोन्याक को राष्ट्रीय मंत्री की जिम्मेदारी मिली है। त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब को राष्ट्रीय महामंत्री बनाया गया है। दक्षिण भारत से भी कई नेताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मिली हैं। आंध्र प्रदेश की डी. पुरंदेश्वरी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनी हैं, जबकि तमिलनाडु से डॉ. एम. वेंकटेशन को राष्ट्रीय मंत्री बनाया गया है।

यूजीसी-नेट परीक्षा में गड़बड़ियां.....

जुड़ी अन्य जानकारी की सूचना आधिकारिक वेबसाइट पर अलग से दी जाएगी. जुलाई महीने में जंतर-मंतर पर युवाओं के प्रदर्शन के पीछे एनटीए के संचालन में होनी वाली नीट परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होना ही सबसे बड़ी वजह बनी थी. इससे पहले भी एनटीए से संचालन में होने वाली परीक्षाओं में गड़बड़ियों की वजह से परीक्षार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ा है.

जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े आतंकी को....

की इच्छा रखने लगा। एटीएस को उसके मोबाइल फोन से पाकिस्तान के कई जिहादी व्हाट्सऐप समूह मिले, जिनमें जिहाद और चंदे से संबंधित बातचीत मौजूद थी। एटीएस का दावा है कि आरोपी फेसबुक के जरिए चेहरा ढककर जिहाद और खिलाफत से संबंधित बयान देता था। इसके अलावा वह जैश-ए-मोहम्मद के जिहादी समूहों से जुड़कर पाकिस्तानी हैंडलरों के संपर्क में आया और अपनी तरफसे जिहाद में मदद करने का प्रस्ताव दिया। पूछताछ के अनुसार, पाकिस्तानी हैंडलर ने आरोपी को पाकिस्तान जाने के लिए कथित तौर पर तैयारी करने को कहा। जफर ने पैसे भेजने का प्रयास किया, लेकिन यह सफल नहीं हुआ। इसके बाद उसने हैंडलर से बाइनेंस अकाउंट मांगा और अन्य पाकिस्तानी संदिग्धों से संपर्क कर बाइनेंस के जरिए यूएसडीटी के रूप में कई बार रकम भेजी। एटीएस के अनुसार, पूछताछ में जफर ने अपने अपराध स्वीकार किए हैं। यूपी एटीएस ने मोहम्मद जफर को 16 अगस्त 2026 को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 13/2026 के तहत बीएनएस की धारा 152, 61(2) तथा यूएपी अधिनियम-1967 की धाराओं 18/38 में मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपी को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहम्मद जफर उर्फमोहम्मद जहीर, उम्र 24 वर्ष, निवासी ग्राम मीरगंज, थाना रलट, जनपद पूर्णिया, बिहार।

सरकार के आर्थिक सलाहकार बोले- ई-20 से गाड़ियों....

बेहद जरूरी है। जिस पानी से अन्य जरूरतें पूरी हो सकती थीं, वह गाड़ियों का ईंधन बनाने में बह रहा है।

0 सरकार बोली- ई-20 सुरक्षित, अलग पेट्रोल विकल्प देना आसान नहींः दूसरी तरफ, सरकार ने एथेनॉल ब्लेंडिंग प्रोग्राम का लगातार बचाव किया है। सरकार का तर्क है कि ई-20 से विदेशी मुद्रा की भारी बचत हो रही है और किसानों को फसल की बेहतर कीमत मिल रही है। सरकारी टेस्टिंग के आधार पर यह भी कहा गया है कि ई-20 से वाहनों के इंजन को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचने के प्रमाण नहीं मिले हैं। साथ ही, सरकार ने देश भर में अलग-अलग तरह के पेट्रोल के विकल्प एक साथ उपलब्ध कराने की मांग को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि इससे लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन का खर्च काफी बढ़ जाएगा।

0 आगे का रास्ताः ई-20 पर टिके रहें, जल्दबाजी में बदलाव से बचें: CEA नागेश्वरन यह नहीं कह रहे कि एथेनॉल योजना को बंद किया जाए, बल्कि 20 प्रतिशत के बाद सतर्कता बरती जाए। ऊर्जा सुरक्षा से होने वाले फायदों की तुलना उन अनदेखे नुकसानों से की जानी चाहिए, जो कृषि क्षेत्र और खाद्य अर्थव्यवस्था को सहने पड़ सकते हैं। यह बहस केवल माइलेज या इंजन की उम्र तक सीमित नहीं है, बल्कि यह इस बात पर निर्भर करती है कि भारत ईंधन उत्पादन के लिए अपनी कितनी जमीन और पानी समर्पित करने को तैयार है।

पहले बीहड़ में चलाती थीं गोलियां....

अपने हाथों में लिया है. कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी प्रतिभागियों से मुलाकात की और उनके नए सफर के लिए शुभकामनाएं दीं. पूर्व महिला नक्सलियों की रैंप पर मौजूदगी यह दिखाती है कि हथियार और हिंसा की दुनिया से निकलने के बाद वे अब नई संभावनाओं की ओर बढ़ रही हैं.

0 बदलाव और नई शुरुआतः आयोजकों ने इस पहल को न्यू इंडिया की भावना से जोड़ा. इसका संदेश है कि अतीत चाहे जैसा भी रहा हो, बदलाव और नई शुरुआत के लिए रास्ता हमेशा खुला रह सकता है. इन महिलाओं की कहानी बताती है कि सही मौका और सहयोग मिलने पर जिंदगी को नए सिरे से शुरू किया जा सकता है. सोशल मीडिया पर लोग इस पहल की तारीफ कर रहे हैं और इसे प्रेरणादायक बता रहे हैं. बस्तर के जंगलों से रैंप तक का यह सफर इन महिलाओं के जीवन में आए बदलाव और नई उम्मीद की झलक दिखाता है।

सावन सोमवार पर अशोकधाम....

के जिलाधिकारी के मुताबिक, सावन के सोमवार को लेकर प्रशासन की ओर से भीड़ नियंत्रण के इंतजाम किए गए थे। सुबह अचानक श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने से स्थिति बिगड़ी।

0 अब तक 7 श्रद्धालुओं की मौतः ताजा उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार हादसे में 7 श्रद्धालुओं की मौत हुई है और 12 से अधिक लोग घायल हैं। कुछ रिपोर्टों में मृतकों में महिलाओं की संख्या अधिक होने की जानकारी दी गई है। मृतकों और घायलों की पहचान की प्रक्रिया जारी है।

0 प्राचीन है अशोकधाम मंदिरः लखीसराय का अशोकधाम मंदिर इंद्रदमनेश्वर महादेव मंदिर के नाम से भी प्रसिद्ध है। सावन के महीने में यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक करने पहुंचते हैं। मंदिर से जुड़ी मान्यता के अनुसार यहां विशाल शिवलिंग जमीन की खुदाई के दौरान मिला था, जिसके बाद इस स्थान पर मंदिर का निर्माण हुआ।

उज्जैन के नागचंद्रेश्वर मंदिर में....

वहां भगदड़ मची तो वो बैरिकेड के नीचे दब गया था। किसी ने उसकी मदद नहीं की। एक युवक ने उसे बैरिकेड के नीचे से निकाला। इसके बाद वह अस्पताल पहुंचा। मंदिर परिसर में अचानक मची भगदड़ से सागर पिता मांशीष, निवासी किसनपुरा, उम्र 15 साल, सजीव नोनू चौधरी, निवासी दरभंगा, बिहार, उम्र 36 साल, खुशी पिता माधव राव, निवासी बड़ा गणेश, ग्वालियर, उम्र 20 साल, हरीशचंद पिता अशोक, निवासी वासना, गुजरात, उम्र 26 साल, तुलसी पिता जय प्रकाश, निवासी गुजरात, उम्र 15 साल, जय पिता जय धवन, निवासी गुजरात, उम्र 12 साल, लखन गोविंद और सोनम सिंह घायल हो गए। सभी का इलाज चल रहा है।

अधिवक्ता संघ अध्यक्ष नारायण कन्नौजे का स्वर्णकार संघ ने किया अभिनंदन

राजनांदगांव (दावा)। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित अधिवक्ता नारायण कन्नौज का राजनांदगांव जिला स्वर्णकार संघ के पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट कर अभिनंदन किया। 9 अगस्त को शाम करीब 5 बजे स्वर्णकार संघ के पदाधिकारियों ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर अध्यक्ष बनने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर स्वर्णकार समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि समाज के अधिवक्ता नारायण कन्नौज का जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पद पर पहुंचना पूरे स्वर्णकार समाज के लिए गौरव और सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि कन्नौज ने समाज का मान बढ़ाया है और उनके नेतृत्व में अधिवक्ता संघ नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा। स्वर्णकार संघ के पदाधिकारियों ने अधिवक्ता नारायण कन्नौज के उज्ज्वल भविष्य और निरंतर प्रगति की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस दौरान समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

स्वतंत्रता दिवस पर शान से लहराया तिरंगा, जगह-जगह आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। भारत सहित पूरे जिले में स्वतंत्रता दिवस पर शान से लहराया तिरंगा व जगह-जगह हुए विभिन्न आयोजन, जिलेभर के सरकारी दफ्तरों और शैक्षणिक संस्थानों में शान से लहराया तिरंगा तथा स्कूली बच्चों ने ओजपूर्ण प्रस्तुतियों, मधुर गीतों, नृत्य एवं मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने पूरे वातावरण को राष्ट्रप्रेम के रंग में रंग दिया। समाज प्रमुखों द्वारा स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर गरिमामय और उत्साहपूर्ण वातावरण में तिरंगा लहराया साथ ही कुछ ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर वृक्ष लगाकार स्वतंत्रता दिवस का पर्व धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया। कुछ स्कूली बच्चों के द्वारा बैंड के धुनों के साथ प्रभात फेरी, राष्ट्रगीतों के साथ स्वतंत्रता दिवस धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया

वनांचल ग्राम घोटिया में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

डोंगरगढ़ (दावा)। वनांचल ग्राम पंचायत घोटिया में स्वतंत्रता दिवस का पर्व धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला घोटिया में मध्यान्ह भोजन बनाने एवं बच्चों को पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु जनपद सदस्य नीरज तेजराम छैदया के द्वारा बोर मशीन एवं नल लगाया गया। जिसका विधिवत पूजा-अर्चना कर बटन दबाकर लोकार्पण किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने बच्चों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं और कहा कि इस बोर मशीन से स्कूल के बच्चों को स्वच्छ पेयजल एवं मध्यान्ह भोजन बनाने में सुविधा होगी।

इस अवसर पर डोंगरगढ़ मंडल अध्यक्ष अनिल सिन्हा, जनपद सदस्य प्रतिनिधि तेजराम छैदया, जिला कांग्रेस सचिव सुरेश सिन्हा, सरपंच संजय उईके, प्राचार्य रामप्रसाद पडोटी, प्रधानपाठक दिनेश कुमार खाड़े, दिनेश कुमार मंडावी, चिंता कंवर सहित स्कूल के शिक्षकगण, पालक एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान के साथ ध्वजारोहण किया गया।

स्वतंत्रता दिवस पर मुख्य अभियंता ने किया ध्वजारोहण

राजनांदगांव (दावा)। स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व पर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के क्षेत्रीय प्रशासनिक भवन में हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा शान से लहराया गया। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता एच. के. मेश्राम ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रीय पर्व पर उपस्थित विद्युत कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रगान गाकर तिरंगे को सलामी दी। मुख्य अभियंता मेश्राम द्वारा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कम्पनीज रायपुर के संदेश का वाचनकर उपस्थितजनों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए राजनांदगांव क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले 04 जिलों में विद्युत अधोसंरचना एवं विकास के कार्यो को रेखाकिंत किया। इस पुनीत अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले 12 विद्युतकर्मियों क्रमशः योगेश कुमार वर्मा, कनिष्ठ अभियंता कवर्धा जोन, विवेक देवांगन, कनिष्ठ अभियंता, पिपरिया वितरण केन्द्र, समीर मोहम्मद, कार्यालय सहायक श्रेणी-तीन, राजेश कुमार, बिडौरा वितरण केन्द्र को प्रशस्ति पत्र, चेक और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

भाजपा मुसरा-मुरमुंदा मंडल के तत्वावधान में भव्य तिरंगा यात्रा एवं बाइक रैली सम्पन्न

डोंगरगढ़/मुसरा (दावा)। 14 अगस्त दिन शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी मुसरा-मुरमुंदा मंडल के तत्वावधान में मुंदगांव से मुरमुंदा तक भव्य तिरंगा यात्रा एवं बाइक रैली का आयोजन किया गया। देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत इस तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

कार्यक्रम में जिला केंद्रीय जिला सहकारी बैंक प्राधिकृत उपाध्यक्ष एवं पूर्व महामंत्री भरत लाल वर्मा, प्रदेश किसान मोर्चा मंत्री मुलचंद लोधी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू, तिरंगा यात्रा जिला संयोजक प्रशांत कोड़ापे, जिला भाजपा महामंत्री डीकेश साहू, मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण वर्मा, महामंत्री एवं जनपद पंचायत सभापति टामेश्वर साहू, जनपद पंचायत सभापति श्रीमती सीमा ओमप्रकाश साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष बोधी राम साहू, जयपाल सिन्हा, जिला भाजपा ओबीसी मोर्चा से जितेंद्र सिन्हा, रोशन साहू, एवं युवा मोर्चा अध्यक्ष पप्पू देवांगन सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके साथ ही ओबीसी मोर्चा उपाध्यक्ष नकुल वर्मा , ओमप्रकाश साहू , लोमश साहू , महामंत्री पुकेश्वर वर्मा, हनुमान सिन्हा , युवा मोर्चा महामंत्री विक्रम वर्मा , विनम दास साहू , राकेश महिलांगे , सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

शासकीय प्राथमिक शाला पार्रीकला में ध्वजारोहण किया गया

राजनांदगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम पार्रिकला में स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं शासकीय प्राथमिक शाला पार्रिकला के प्रांगण में ध्वजारोहण किया गया। स्कूली बच्चों के द्वारा बैंड के धुनों के साथ प्रभात फेरी, राष्ट्रगीतों के साथ ग्राम में निकाल कर किया गया। ग्राम पंचायत भवन में सरपंच श्रीमती कामिनी अंबेडकर के द्वारा पचों एवं ग्राम के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात झंडा चौक में ग्राम के वरिष्ठ नागरिक शत्रुघ्न सिन्हा के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। प्रभात फेरी स्कूल में वापस आने के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम स्कूली बच्चों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक विष्णु शर्मा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती कामिनी अम्बिलकर सरपंच व अध्यक्षता श्रीमती शैलेंद्र श्रीवास अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति पार्रिकला के द्वारा किया गया। विशेष अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा रमेश चंद्राकर एवं जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती सिन्हा उपस्थित थे।

युगांतर में ध्वजारोहण समारोह का शानदार आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। युगांतर पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण नगर के सम्मानित डॉ पूजा गोयल, डॉ. शिरीष गोयल (पालक हेड ब्वॉय सीनियर वर्ग प्रथम गोयल), श्रीमती चन्द्रप्रभा गोलछा, नवीन गोलछा (पालक कोआर्डिनेटर सीनियर वर्ग गीतिका गोलछा), श्रीमती निकिता कोठारी, यज्ञेश सुरजन (पालक हेड ब्वॉय जूनियर वर्ग श्रेणिक कोठारी), श्रीमती हर्षिदा राठौड, देवेश राठौड (पालक हेड गर्ल जूनियर वर्ग ध्रेया राठौड), विद्यालय के पूर्व विद्यार्थी रोडनी जॉन इन्जीनियर इंट्रेप्रेनर डेल्टा इंजीनियरिंग वर्क्स भोपाल के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा मार्च पास्ट और देशभक्ति से परिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी हुआ। विद्यार्थियों ने शास्त्रीय संगीत का मधुर आलाप प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। भाषण और कविताओं के जरिए विद्यार्थियों ने देश भक्ति की सरिता बहाई। इस दौरान विद्यालय के निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, चेयरमैन अजय सिंगी, वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) नरेंद्र कोटड़ीया, प्राचार्य मधुसूदन नायर, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह, हेड मिस्ट्रेस विनीता तिलवानी उपस्थित रहे। इस दौरान विशेष अतिथि विद्यालय के पूर्व छात्र रोडनी जॉन ने कहा कि हम पहले सफलता के बारे में बात करते हैं, लेकिन हमें असफलता के बारे में बात करना चाहिए। असफलता ही सफल होने का पैमाना तय करती हैं। उन्होंने आगे कहा कि वे जब इस विद्यालय में एडमिशन लिए थे, तब वे एवरेज स्टूडेंट थे। फिर वे सुन्दरम हाउस की गतिविधियों के माध्यम से अपनी नेतृत्व क्षमता को विकसित किया। उनके व्यक्तित्व निर्माण में शिक्षक-शिक्षिकाओं की भूमिका अहम रही। । उन्होंने आगे कहा कि सही मायने में देश भक्ति का अर्थ अपने निर्धारित कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करना है।

स्वतंत्रता दिवस पर देशभक्ति से सराबोर हुई प्रतिभास्थली की अनुपम प्रस्तुतियाँ

डोंगरगढ़ (दावा)। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर प्रतिभास्थली ज्ञानोदय विद्यापीठ, चंद्रगिरि तीर्थ डोंगरगढ़ में छात्राओं द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनमानस का मन भाव-विभोर कर दिया। छात्राओं की ओजपूर्ण प्रस्तुतियों, मधुर गीतों, नृत्य एवं मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने पूरे वातावरण को राष्ट्रप्रेम के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम में छात्राओं ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन, आत्मविश्वास और उत्कृष्ट प्रस्तुति कौशल का परिचय देते हुए स्वतंत्रता संग्राम के वीरों, राष्ट्रभक्ति और देश की गौरवशाली परंपरा को मंच पर जीवंत कर दिया। प्रत्येक प्रस्तुति में देश के प्रति प्रेम, सम्मान और समर्पण की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी।छात्राओं की भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों एवं दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरा परिसर देशभक्ति के नारों और भारत माता के जयघोष से गूंज उठा।

बुन्देली में शान से लहराया तिरंगा

छुईखदान (दावा)। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुंदेली में पूरे हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। महापुरुषों के छाया चित्र पर पूजन अर्चन व कर राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान के साथ संस्था के प्राचार्य सी.आर. श्रीवास ने ध्वजारोहण किया। स्काउट गाइड रेडक्रास के बच्चों सहित सभी ने राष्ट्रध्वज को नमन किया। इस अवसर पर सरपंच दिवाकर सोनी, एसएमडीसी के अध्यक्ष अशोक पाल, उत्तम गुप्ता व समिति के सदस्य भी उपस्थित थे। प्राचार्य ने सबको बधाई दी। तत्पश्चात बच्चे कतार बद्ध हो प्रभात फेरी के लिए बैंड की धुन पर नगर भ्रमण के लिए निकले। स्वामी आत्मानंद वाचनालय, ग्रामीण बैंक में ध्वजारोहण कर प्रभात फेरी ग्राम के चौक-चौराहों से होते हुए ग्राम पंचायत भवन पहुंची। जहां सरपंच दिवाकर सोनी ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उपसरपंच, सभी पंचगण एवं गांव के सभी गणमान्यजन उपस्थित थे। जगह-जगह तिरंगा बड़ी शान से फहराया गया। तत्पश्चात प्रभात फेरी मुख्य कार्यक्रम स्थल माध्यमिक शाला प्रांगण पहुंची। जहां प्राचार्य सी.आर. श्रीवास, प्रधान पाठकद्वय प्रकाश कंवर और श्रीमती कमलेश सोनी ने ध्वज वंदन कर ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर संस्कृतिक कार्यकम में अतिथि के रूप में सरपंच दिवाकर सोनी, अशोक पाल उपस्थित थे। प्राचार्य श्रीवास जी ने विचार रखते हुए विद्यालय की गतिविधियों और उपलब्धियों को ग्रामीणों के समक्ष रखा। वहीं सरपंच श्री सोनी ने कहा कि मेरे सरपंची कार्यकाल में गांव में शिक्षा, स्वास्थ्य, चिकित्सा, पेयजल, पर्यावरण, नाली, विद्युत व्यवस्था सहित गांव के सर्वांगीण विकास के लिए जो भी संभव हो सकेगा, वो सब मैं अवश्य करूंगा। इसके लिए मैं वचनबद्ध हूं और रहूंगा। आपने मुझ पर विश्वास कर मुझे सरपंच के रूप में सेवा करने का सौभाग्य प्रदान किया है। तो मेरा भी कर्तव्य और दायित्व है कि मैं आपके विश्वास पर खरा उतरना। हां इतना अवश्य है कि आप सब बड़े-बुजुर्गों का मार्गदर्शन और आशीर्वाद मिलता रहे। इस अवसर पर बच्चों ने देशभक्ति पूर्ण भाषण, कविता, गीत और नृत्य प्रस्तुत कर भाव विभोर कर दिया। छत्तीसगढ़ की संस्कृति के अनुरूप बच्चों के नृत्य गीत ने दर्शकों को झुमने पर विवश कर दिया। महिषासुर वध की झांकी विशेष आकर्षण और कुतुहल का विषय रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन व्याख्याता डॉ सियाराम साहू ने किया। गौ विज्ञान परीक्षा में राज्य स्तर पर विद्यालय का नाम रोशन करने वाली कविता निर्मलकर का सम्मान किया गया। आभार प्रदर्शन माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक प्रकाश कंवर ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिका एवं कर्मचारी सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

हायर सेकेंडरी स्कूल बीजाभांठा में स्वतंत्रता दिवस की रही धूम

राजनांदगांव (दावा)। स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर हायर सेकेंडरी स्कूल बीजाभांठा में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल एवं कैश अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष डोंगरगांव महेश्वर साहू के हाथों प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती बसंती कुलदीप, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष खुमान साहू, प्रभारी प्राचार्य के. के. साहू, भागवत साहू उपस्थित रहे।

सेंट विंसेंट पल्लोटी इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

डोंगरगढ़(दावा)। सेंट विंसेंट पल्लोटी इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल, डोंगरगढ़ में देशभक्ति और उत्साह के साथ 80वाँ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अभिषेक कुमार सिंह (शाखा प्रबंधक, स्व्हू, डोंगरगढ़) उपस्थित रहे। साथ ही संस्था प्रमुख फादर मुक्ति प्रकाश किस्पोट्टा, संस्था के प्राचार्य फादर अमित तिग्गा एवं छात्रावास प्रबंधक फादर रवि कुडुलना सहित विद्यालय के शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न

देशभक्ति गीतों, नृत्यों एवं मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विजयी हाउस एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए।कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि अभिषेक कुमार सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता सेनानियों एवं अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा विद्यार्थियों को देश के प्रति अपने कर्तव्यों एवं जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।समूचा कार्यक्रम देशभक्ति, उत्साह एवं उल्लास से भरपूर रहा।

जंगलेसर में मना स्वतंत्रता दिवस

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम पंचायत जंगलेसर में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत परिसर में सरपंच लता देवल साहू ने ध्वजारोहण किया तथा राष्ट्रध्वज को सलामी दी।

सरपंच लता देवल साहू ने ग्रामवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें देश की एकता, अखंडता और स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान की याद दिलाता है। उन्होंने सभी ग्रामीणों से राष्ट्रहित और ग्राम विकास में सहभागिता निभाने का आह्वान किया।

लंदन किड्स इंटरनेशनल स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 80 वां स्वतंत्रता दिवस

डोंगरगढ़(दावा)। लंदन किड्स इंटरनेशनल स्कूल, डोंगरगढ़ में 80वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं प्रबंधन टीम ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष व समाजसेवी वीरेंद्र जैन रहे। समारोह में सामाजिक कार्यकर्ता मनोज गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता अमित जैन, सुशील जैन, डॉ. राजेश राघोरते, वार्ड पार्षद व सभापति श्रीमती रेखा राघोरते सहित गणमान्यजनों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। तथा स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर देश के वीर स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों के त्याग और बलिदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया गया। समारोह का मुख्य आकर्षण विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियां रहीं। प्लेग्रुप, नर्सरी, चत्त-1 और चत्त-2 के सभी बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों के आत्मविश्वास, उत्साह और सुंदर प्रदर्शन ने उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया।इस सफल आयोजन के पीछे विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं प्रबंधन टीम की कड़ी मेहनत, समर्पण और बेहतरीन तालमेल स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। बच्चों को प्रस्तुतियों के लिए तैयार करने से लेकर कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था तक, टीम के प्रत्येक सदस्य ने पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपना योगदान दिया। विद्यालय प्रबंधन ने मुख्य अतिथि गणों ,सभी अभिभावकों, शिक्षकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में छोटी उम्र से ही देशप्रेम, अनुशासन, आत्मविश्वास, एकता और राष्ट्रीय मूल्यों की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

स्वतंत्रता दिवस में पूर्व सैनिक अगेश्वर प्रसाद सिन्हा ने किया ध्वजारोहण

राजनांदगांव (दावा)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पूर्व सैनिक अगेश्वर प्रसाद सिन्हा ने देशभक्ति की भावना के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता की। उन्होंने अपनी पत्नी खुमेश्वरी सिन्हा, बेटी सृष्टि सिन्हा एवं बेटे विवेक सिन्हा के साथ अपने निवास पर ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इसके बाद उन्होंने जिला कार्यालय कलेक्टोरेट राजनांदगांव में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में भी सहभागिता की। शाम को अभनपुर में आयोजित तिरंगा यात्रा में परिवार सहित शामिल होकर राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति का संदेश दिया।

पूर्व सैनिक अगेश्वर प्रसाद सिन्हा ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीरों को याद करने और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने का अवसर है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी में देशभक्ति की भावना को मजबूत करने के लिए ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर सहभागिता जरूरी है। सिन्हा परिवार ने स्वतंत्रता दिवस के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर राष्ट्रीय एकता, देशप्रेम और तिरंगे के सम्मान का संदेश दिया।

शहर ब्लॉक कांग्रेस ने मनाया स्वतंत्रता दिवस, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने किया ध्वजारोहण

3डोंगरगढ़ (दावा)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा गोल बाजार स्थित आज़ाद चौक में गरिमामय स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज़ खान, प्रदेश महामंत्री थानेश्वर पाटिल, हरीश भंडारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के उपरांत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के संदेश का वाचन जितेंद्र भाटिया ने किया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन शिशुपाल भारती द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता विनोद तिवारी, निर्मल चंद जैन, प्रदीप शर्मा, अनिल गट्टानी, श्रीमती संध्या देशपांडे, धीरज मेश्राम, अनिल मेश्राम, रिमी भाटिया, आनंद जैन, मतीन खान, प्रमोद टैंभुर्णिकर, प्यारेलाल शर्मा, रामजी लाल तराने, ऋषि शर्मा, संजय फूल, भाऊ दास मेश्राम, सुरेंद्र दास, दिनेश साखरे, बलिराम मेश्राम, अमरीश टांडिया, मोहम्मद मोहसिन, अजय मांडवी, प्रियांशु महोबिया, रोनित श्रीवास्तव, दुलीचंद बडोले, गणपत रजक, संजू गुप्ता, गणेश प्रसाद, सनी भाटिया उपस्थित थे। इसके अलावा श्रीमती लक्ष्मी शांडिल्य, श्रीमती दीपाली भंडारी, श्रीमती नलिनी मेश्राम, श्रीमती रेखा, श्रीमती आमना बेगम, बिंदाबाई, मगलीनबाई चौधरी, फूलबाई, राजेश्वरी यादव, प्रमिला यादव, ललिता, दुलारी यादव, निधि गजभिए, प्रियंका पूर्ति, रितु निर्मलकर, बबलू खोपरागड़े सहित अनेक कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

चिखली चौकी क्षेत्र में देर रात युवक की हॉकी से पीट-पीटकर हत्या, सनसनी

राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली क्षेत्र अंतर्गत देशमुख चौक के पास रविवार की देर रात आपसी रंजिश के चलते एक युवक की हॉकी से पीट-पीटकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। इस सनसनीखेज वारदात के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी सहित एक विधि से संघर्षरत बालक को हिरासत में ले लिया है, वहीं दो अन्य फरार आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

पुराने विवाद में घर में घुसकर दिया वारदात को अंजाम, एक आरोपी व एक नाबालिग हिरासत में

चौकी प्रभारी कैलाश चंद्र मरई से मिली जानकारी के अनुसार 16 अगस्त की देर रात देशमुख चौक चिखली निवासी सत्यजीत देशमुख के घर में घुसकर आरोपियों ने पुराने विवाद को लेकर उस पर हॉकी से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर चोटें आने से सत्यजीत की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 103(1), 332 (ए) व 3 (5) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने त्वरित घेराबंदी कर आरोपी बबलू उर्फ बल्ला एवं एक नाबालिग को हिरासत में ले लिया है। वहीं मामले में संलिप्त दो अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित कर दबिश दी जा रही है।

पुरानी रंजिश का नतीजा

बताया जाता है कि मृतक व आरोपियों के बीच गत 5 अगस्त को भी विवाद व झड़प हुई थी, जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई थी। आरोपी आदतन अपराधी प्रवृत्ति के हैं और उनके खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। 16 अगस्त की रात यह रंजिश खूनी संघर्ष में बदल गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की विस्तृत विवेचना जारी है। चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र में देर रात पुरानी रंजिश को लेकर हत्या का मामला सामने आया है। चिखली में चार युवकों ने पूर्व महापौर हेमा देशमुख के देवर पप्पू देशमुख के घर में घुसकर उनके साथ मारपीट की। गंभीर चोट लगने से पप्पू देशमुख की मौत हो गई।

विवाद के बाद हुई हत्या

पुलिस सूत्रों के अनुसार, देर रात पप्पू देशमुख और उसी क्षेत्र के रहने वाले बबलू साहू, सोमेश साहू, विक्की साहू और मुकेश साहू के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी।

विवाद इतना बढ़ गया कि, आरोपियों ने पप्पू देशमुख पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही चिखली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और मामले की जांच शुरू की गई।

4 लोग हिरासत में, जांच जारी

पुलिस ने मामले में 4 लोगों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि, हत्या के पीछे का सही कारण जांच के बाद ही स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की गहनता से पड़ताल कर रही है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

नागपंचमी पर बाबा महाकाल की भव्य पालकी यात्रा ने बांधा श्रद्धा का समां

राजा स्वरूप में नगर भ्रमण पर निकले बाबा महाकाल

जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत; विभिन्न राज्यों एवं शहरों से पहुंचे श्रद्धालु

राजनांदगांव (दावा)। नागपंचमी एवं सावन सोमवार के पावन संयोग पर संस्कारधानी राजनांदगांव में आयोजित बाबा चंद्रमौलेश्वर महाकाल की भव्य पालकी यात्रा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुई। पालकी यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि और शिवभक्त शामिल हुए। यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र हर-हर महादेव और जय श्री महाकाल के जयघोष से गूंजता रहा।

राजा स्वरूप में नगर भ्रमण पर निकले बाबा महाकाल

सावन सोमवार और नागपंचमी के विशेष अवसर पर बाबा चंद्रमौलेश्वर महाकाल राजा के स्वरूप में अपनी प्रजा से मिलने नगर भ्रमण पर निकले। मान्यता है कि सावन में बाबा महाकाल अपनी प्रजा का हाल जानने नगर भ्रमण करते हैं और सच्चे मन से की गई भक्तों की मनोकामनाओं को पूर्ण करते हैं। इसी आस्था के चलते पालकी यात्रा के मार्ग में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह बाबा महाकाल की पालकी का स्वागत कर पूजा-अर्चना की और पुष्पवर्षा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पालकी के दर्शन के लिए मार्ग के दोनों ओर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे संगठनों के प्रतिनिधि

पालकी यात्रा के दौरान नीलू शर्मा, कोमल सिंह राजपूत, अकरम कुरैशी, हलीम बख्श गाजी वकील, हफीज खान, राकेश यादव, संजू बघेल, पवन तिवारी, सचिन तुरहाटे (विभाग प्रचारक) सहित अनेक गणमान्य नागरिकों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बाबा महाकाल की पालकी का स्वागत किया। इसके अलावा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल सहित विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भी यात्रा में सहभागिता की और विभिन्न स्थानों पर बाबा महाकाल की पालकी का स्वागत एवं पूजन किया।

गोंदिया, नागपुर और चिचगढ़ सहित आसपास के क्षेत्रों से भी विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल तथा विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि विशेष रूप से पहुंचे और पालकी यात्रा का स्वागत किया।

सात वर्षों की परंपरा बनी संस्कारधानी की पहचान

महाकाल सेना एवं सिंघोला महाकाल मंदिर के भक्तों द्वारा सावन माह के प्रत्येक सोमवार को अलग-अलग क्षेत्रों में बाबा चंद्रमौलेश्वर महाकाल की पालकी यात्रा निकालने की परंपरा पिछले सात वर्षों से जारी है। लगातार आयोजित हो रही यह यात्रा अब संस्कारधानी राजनांदगांव की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान बनती जा रही है। आयोजकों ने कहा कि पालकी यात्रा का उद्देश्य केवल धार्मिक आयोजन करना नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, सामाजिक समरसता, धार्मिक सद्भाव और सामूहिक आस्था को मजबूत करना भी है। बाबा महाकाल की पालकी के माध्यम से लोगों को अपनी धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

20 लाख रू. की लागत से आदिवासी कंवर समाज के भवन निर्माण एवं विकास हेतु महापौर ने की घोषणा

सामाजिक प्रतिभाओं के सम्मान से युवा पीढ़ी प्रेरित होकर समाज को गौरवान्वित करती है- महापौर मधुसूदन

आदिवासी कंवर समाज महासभा द्वारा जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। सामाजिक प्रतिभाओं का सम्मान आवश्यक है क्योंकि, जब कोई समाज अपनी प्रतिभाओं को सम्मानित करता है, तो उनके समाज की युवा पीढ़ी इस सम्मान से प्रेरित होकर भविष्य में अपना और समाज का नाम रौशन करती है।

उक्ताशय के विचार महापौर मधुसूदन यादव ने आदिवासी कंवर समाज महासभा द्वारा आयोजित जिला स्तरीय वार्षिक प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किये। उन्होंने आदिवासी कंवर समाज को आयोजन की बधाई देते हुए समाजिक बन्धुओं को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी एवं छ.ग. विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह जी के माध्यम से हरसंभव सहयोग प्रदान करने के अपने संकल्प को दोहराते हुए 20 लाख रू. की लागत से आदिवासी कंवर समाज के भवन निर्माण एवं विकास हेतु घोषणा की।

उल्लेखनीय है कि राजनांदगॉव शहर के वार्ड नं. 21 रेवाडीह क्षेत्र अंतर्गत स्थित आदिवासी कंवर समाज के धर्मशाला एवं प्रशिक्षण भवन में समाज द्वारा जिला स्तरीय वार्षिक प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में राजनांदगॉव महापौर मधुसूदन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आयोजन में अध्यक्षता कंवर समाज महासभा के अध्यक्ष बिन्दुलाल चंद्रवंशी ने की। अन्य विशिष्ट अतिथिगण के रूप में श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव अध्यक्ष जिला पंचायत, भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, प्रोफेसर डॉ. मेघराज कपूर प्रमुख मार्गदर्शक कंवर समाज, पार्षद रवि सिन्हा, पार्षद श्रीमती बीना ध्रुव, पूर्व पार्षद हरेन्द्र कंवर, रविन्द्र वैष्णव पूर्व जिला भाजपा महामंत्री, तरूण लहरवानी जिला भाजपा उपाध्यक्ष, जिला भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी उत्तम टॉक, रौनक कत्याल उपस्थित रहे। समाज की ओर से विशिष्ट अतिथि के रूप में छबिलाल चंद्रवंशी प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं जिला संरक्षक कंवर समाज, उपाध्यक्षगण रामजी सिरदार, समलिया राम चंद्रवंशी, दशरथ चंद्रवंशी, प्रवक्ता माहरू राम फूलकुंवर, जिला सचिव नीलाम्बर चंद्रवंशी, जिला कोषाध्यक्ष टी.आर.चंद्रवंशी, संरक्षक रामभगवान चंद्रवंशी, परिक्षेत्रिय अध्यक्षगण महेश कंवर एवं रवि कुमार चंद्रवंशी डोंगरगढ़, विक्रमसिंह मिरी डोंगरगॉव, युवा प्रभाग जिलाध्यक्ष प्रमोद दास सिरदार मुख्य रूप से मंच पर मौजूद रहे।

आयोजक मंडल द्वारा सभी गणमान्य अतिथिगण को परंपरागत साफा पगड़ी एवं गमछा पहनाकर स्वागत किया गया पश्चात् अतिथिगण द्वारा अपने हाथों से समाजिक प्रतिभाओं को मोमेन्टो, नकद राशि एवं प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महापौर के अलावा समाज के अध्यक्ष बिन्दुलाल चंद्रवंशी, श्रीमती किरण वैष्णव, कोमल सिंह राजपूत एवं डॉ.मेघराज कपूर ने सभा को बारी-बारी से संबोधित किया। समाजिक बन्धुओं ने मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव से समाज के प्रशिक्षण भवन एवं धर्मशाला हेतु किचन शेड एवं डोम शेड निर्माण की आवश्यकता से अवगत कराते हुए निर्माण एवं विकास कार्य हेतु अनुदान राशि दिलवाने का आग्रह किया गया, जिसे महापौर ने मंच से तत्काल घोषणा कर स्वीकृति प्रदान की।

जनसंपर्क में सक्रियता का मिला सम्मान, स्वतंत्रता दिवस समारोह में डॉ. रमन सिंह ने देवेंद्र सोनी की थपथपाई पीठ

राजनांदगांव (दावा)। स्वतंत्रता दिवस के जिला स्तरीय मुख्य समारोह में नगर पालिक निगम राजनांदगांव के महापौर सचिव एवं जनसंपर्क अधिकारी देवेंद्र सोनी को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। शौर्य परेड मैदान, पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने उन्हें प्रशस्ति प्रदान कर उनके कार्यों की सराहना की।

देवेंद्र सोनी को यह सम्मान कार्यालयीन दायित्वों के साथ शासन की विभिन्न योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के प्रभावी प्रचार-प्रसार में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया। उन्होंने शासकीय योजनाओं की जानकारी

आम नागरिकों तक पहुंचाने तथा विभिन्न अभियानों के माध्यम से जनजागरूकता बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाई। विशेष रूप से सुशासन तिहार, हर घर तिरंगा अभियान सहित विभिन्न शासकीय कार्यक्रमों की गतिविधियों को व्यापक स्तर पर लोगों तक पहुंचाने में उनके प्रयास उल्लेखनीय रहे।

शासन की योजनाओं और जनहितकारी कार्यक्रमों की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे, इसके लिए उन्होंने लगातार सक्रियता के साथ प्रचार-प्रसार कार्यों को गति दी। स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में उत्कृष्ट कार्यों के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में देवेंद्र सोनी को सम्मान मिलने पर जिला प्रशासन एवं निगम के अधिकारियों-कर्मचारियों ने भी उन्हें बधाई दी।

शांति भंग करने वाले गुंडे-बदमाश के खिलाफ की कार्यवाही

राजनांदगांव (दावा)। लालबाग पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में गुंडे बदमाशों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें पकड़कर न्यायिक अभिरक्षा में रिमांड पर भेज दिया है। लालबाग थाना प्रभारी रमेश पटेल ने बताया कि 17 अगस्त को देवेश यादव पिता शिवकुमार यादव उम्र 29 वर्ष ग्राम रामपुर के द्वारा पेंड्री अटल आवास में जाकर वहां के लोगों के साथ वाद-विवाद कर शांति भंग कर रहा है। इससे किसी संज्ञेय अपराध घटित होने से रोकने हेतु उसे धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया गया और उसके खिलाफ पृथक से धारा 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया है।

मोहारा वार्ड में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया सावन उत्सव

मोहारा वार्ड में महिलाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन, विजेता प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

राजनांदगांव (दावा)। मोहारा वार्ड में सावन पर्व के उपलक्ष्य में महिलाओं के लिए सावन उत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए कुर्सी दौड़, चमच दौड़, जलेबी दौड़, 100 मीटर दौड़, मटका फोड़, रस्सी खींचो एवं श्रेष्ठ छत्तीसगढ़ी वेशभूषा सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसके साथ ही महिलाओं के लिए विशेष रूप से सावन झूले की भी व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि करुणा मधुसूदन यादव, अध्यक्षता वर्षा शरद सिन्हा तथा विशिष्ट अतिथि प्रीति आलोक श्रोती उपस्थित रहीं। अतिथियों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि करुणा मधुसूदन यादव ने अपने उद्बोधन में समस्त वार्डवासियों को सावन उत्सव की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने आयोजनकर्ता सभी महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के पारिवारिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारा, उत्साह और एकजुटता बढ़ाने का कार्य करते हैं। उन्होंने इस आयोजन को प्रतिवर्ष आयोजित करने के लिए भी सभी को प्रोत्साहित किया।

सावन उत्सव में मोहारा वार्ड की महिलाओं एवं वार्डवासियों की अच्छी-खासी उपस्थिति रही। महिलाओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। प्रतियोगिताओं एवं सावन झूले के माध्यम से महिलाओं ने सावन पर्व का भरपूर आनंद लिया। मोहारा वार्ड में सावन उत्सव के आयोजन को सफल बनाने में वार्ड पार्षद आलोक श्रोती सहित देवकी देवांगन, भुवनेश्वरी सिन्हा, मीना सोनकर, कीर्ति प्रजापति, हेमिन यादव, भुवनेश्वरी प्रजापति, कुंती देवांगन, सविता यादव, मीरा बाई देवांगन, सुखवंती निषाद, नर्मदा यादव सहित वार्ड की अन्य महिलाओं की विशेष सहभागिता रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मोहन तिवारी, परशुराम प्रजापति, सोहन प्रजापति, दुबेश प्रजापति, लक्की देवांगन, काशी यादव, उमाशंकर यादव, सुरेश सिन्हा, रॉकी देवांगन, अवधेश सोनकर, पिंटू देवांगन सहित बड़ी संख्या में वार्डवासियो की उपस्थिती रही। सावन उत्सव कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षा विभाग प्रभारी सदस्य एवं वार्ड पार्षद आलोक श्रोती द्वारा किया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com